RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 163 | ग्वालियर गुरुवार 23 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाआरती का आयोजन

### रामललला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर पूरा भारतवर्ष राम की भक्ति में सरोवर-: जयभान सिंह पवैया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान






ग्वालियर -/- भारत में सांस्कृतिक स्वतंत्रता का महापर्व है, यह एक ही तिथि देश में 500 सालों के पतन- उत्थान, विध्वंस तथा निर्माण की संपूर्ण गाथा है । यह उद्गार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगाँठ पर अयोध्या आंदोलन के शीर्ष नेता जयभान सिंह पवैया ने व्यक्त किए सेवापथ परिसर में आयोजित दीपोत्सव व रामलला की महाआरती के मौके पर उपस्थित राम भक्तों की संबोधित करते हुए श्री पवैया ने कहा कि जिस राम मंदिर के लिये हजारों युवाओं ने जीवन दांव पर लगाया, सैकड़ों कारसेवक बलिदान हुए उनके जीवन में 22 जनबरी स्वप्न साकार होने का उत्सव है । सांस्कृतिक आजादी के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता भी अधूरी ही थी । उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को इस बलिदानी व अंतिम विजय के इतिहास से प्रेरणा लेना चाहिए । इस अवसर पर महामंडलेश्वर महंत श्री रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार ने ग्वालियर चंबल के राम भक्तों के संघर्ष की सराहना की व कहा कि श्री राम भारत की आत्मा हैं । स्वामी श्री संतोषानंद जी महाराज ने कहा कि वे धन्य हैं जिन्हें कारसेवा में राम काज का अवसर मिला । महंत राम भजन दास जी महाराज ने भी आशीर्वचन प्रदान किए ।

प्रारंभ में संतों गणमान्य नेताओं व कारसेवकों ने 1008 दीप जलाये व शंखध्वनि के बीच श्री राम लला जी की महाआरती की । संगीत वी. वि. के कलाकारों ने मधुर भजनों से स्वरंजलि दी । सभी को महाप्रसाद का वितरण हुआ । इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी यशवंत इंदापुरकर, विवेक शेजवलकर, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, अभय चौधरी , कमल माखीजानी, मुनेंद्र कुशवाह , सभापति मनोज तोमर , धीर सिंह तोमर, ओम प्रकाश शेखावत, पप्पू वर्मा, रमेश अग्रवाल, जवाहर प्रजापति, विनय जैन , विनोद शर्मा , राजू पलैया, मुन्ना लाल गोयल, किशन मुद्गल, डॉ हरिमोहन पुरोहित, रविन्द्र सिंह राजपूत, राकेश खुरासिया, कनवर मंगलानी , राहुल भदौरिया , रामू जादौन , प्रतीक तिवारी, निशांत राय , मुन्ना चौहान ,महेश भदौरिया , गजेंद्र राठौर ढपली चौहान, नवीन परांडे, डालचंद वर्मा, नरेंद्र चौहान, रेखा धौलाखंडी, रेशू राजावत, यामिनी पराडे सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## शिवाजी पब्लिक स्कूल में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन हुआ

### भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष गांठ मनायी गयी




मालनपुर ~ पिछले साल 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। आज जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक साल पूरा हो गया है मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल में बुधवार को भगवान श्री राम मंदिर एवं प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू में सभी शिक्षक और छात्रों के साथ पूजा अर्चना की और विद्वान पंडितो द्वारा भजन कीर्तन और सुंदरकांड पाठ किया गया द्य उसके बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय मैं अध्यनरत करीब 500 से ज्यादा छात्रों और क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने प्रसादी ग्रहण की द्य विद्यालय संचालक ने छात्रों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित कई बातें बताई और कहा कि हमें भी भगवान श्री राम के विचारों को ग्रहण करना है और उनके विचारों पर चलना है इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्र और उपस्थित लोगों के गले में भगवान श्री राम के नाम की पत्रिका गले में पहनाई द्य इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे 7

## मध्यप्रदेश के धार्मिक शहरों में पूर्ण शराबबंदी का ऐलान



ये पूर्ण शराबबंदी की दिशा में एक और कदम : उमा भारती

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार धार्मिक शहरों में शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन स्थानों की पवित्रता बनी रहे। भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने धार्मिक स्थलों पर शराब पर प्रतिबंध लगाने के मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि यह पूरे राज्य में शराबबंदी की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार धार्मिक शहरों में शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन स्थानों की पवित्रता बनी रहे। उमा भारती ने एक्स पर लिखा कि मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार के द्वारा धार्मिक शहरों में पूर्ण शराब बंदी अभूतपूर्व निर्णय है, इसके लिए मोहन यादव जी का अभिनंदन। उन्होंने कहा कि दो साल पहले हमारी सरकार के द्वारा घोषित की गई शराब पर प्रतिबंध नीति बहुत ही जनहितकारी एवं व्यवहारिक थी। हम पूर्ण शराबबंदी की ओर ही बढ़ रहे थे। यह पूर्ण शराबबंदी की दिशा में एक और कदम है। यादव ने एक्स पर उनकी पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि **धार्मिक शहरों** में शराब की खपत पर प्रतिबंध लगाना उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। यादव ने लिखा कि आदरणीय दीदी प्रणाम! प्रदेश के धार्मिक शहरों में पूर्ण शराब बंदी का निर्णय सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इससे न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान होगा, बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा मिलेगी। आपके आशीर्वचन के लिए धन्यवाद। इससे पहले मोहन यादव ने कहा था कि वर्तमान बजट वर्ष समाप्त होने वाला है और हमारी सरकार सोच रही है कि हमें धार्मिक शहरों में अपनी नीति में संशोधन करना चाहिए और उन शहरों में शराब पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कई संतों ने सुझाव दिए हैं और हमारी सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है कि हमें अपने धार्मिक शहरों की सीमा के भीतर इन उत्पाद शुल्क की दुकानों को बंद कर देना चाहिए ताकि हम धार्मिक माहौल के बारे में लोगों की शिकायतों की दिशा में ठोस कदम उठा सकें।

## वी.आई.एस.एम. अस्पताल ग्वालियर द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान






ग्वालियर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में 39 छात्रों और समूह के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने रक्तदान किया । कुल 40 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया. इस शिविर का संचालन पैथोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. के.एस. मंगल और जे.ए. समूह अस्पताल के डॉ. राकेश सिंह बघेल ने अस्पताल के कर्मचारियों और जे.ए. समूह के कर्मचारियों की सहायता से किया. जे.ए. ग्रुप ब्लड बैंक की ओर से प्रशस्ति पत्र संस्थान के चेयरमैन को भेंट किया गया । इस अवसर पर श्रीमती सरोज राठौर, चेयरपर्सन एवं डॉ. प्रज्ञा सिंह, ग्रुप निदेशक के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे .

## भोपाल जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रभाकर तिवारी द्वारा जांच होने के बावजूद नहीं हुई कोई कार्यवाही

### जांच में कई अनमिताए के साथ पाया गया था भोपाल हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी ट्रॉमा केंद्र बेरसिया

#### सुनीता कुशवाहा की जान लेने के बाद भी चल रहा है हॉस्पिटल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल
राजू मेहरा.9425727854




**बैरसिया।** आपको बता दे की जिला स्वास्थ्य अधिकारी की मुख्य वीडियो की जांच जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 23.10.2024 में सूचित किया गया है कि आपके चिकित्सालय 21.10.2024 को अपराहन 12:22 बजे पर श्रीमती सगीता पत्नी श्री निर्मल कुशवाह उपचारार्थ भर्ती हुई थी. उसी दिन रात्रि 11:00 बजे ही शिखा शाक्य द्वारा महिला का सिजेरियन सेक्शन किया गया जिससे 4.3 किलोग्राम के बच्चे जन्म हुआ। महिला को लो लाइंग प्लेसेंटा था। महिला को 22.10.2024 को मध्यरात्रि 12.15 बजे वार्ड में शिफ्ट किया गया जिसके उपरात महिला का रक्तचाप होने लगा। मरीज को सुबह 06:00 बजे भोपाल रेफर किया गया जिसकी रास्ते में मृत्यु हो गई। पजीयन के दौरान आपके द्वारा प्रस्तुत चिकित्सक सूची में किसी भी स्त्री रोग विशेषज्ञ का नाम नही है। नियमित स्त्री रोग विशेषज्ञ के न होने के वावजूद आपके द्वारा हाईरिश्वा जटिल प्रसूता को उपचारार्थ क्यो भर्ती किया गया।

2 यदि डॉक्टर शिखा शाक्य आपके यहां नियमित विकित्सक नहीं है तो उन्हे आपके चिकित्सालय में प्रसूता के उपचार की अनुमति क्यो दी गई

3 हाईरिस्क जटिल प्रसूता की शल्यक्रिया के दौरान लो लाइंग/प्लेसेंट्स एक्रेटा होने के बावजूद रक्तधान तथा शल्यक्रिया विशेषज्ञ की उपलब्धता सुनिश्चित क्यो नही की गई

4. विशेषज्ञ शल्यक्रिया के दौरान यह जानकारी होने के बावजूद कि महिला को लो लाइंग/प्लेसेंटा एक्रेटा है और उसे अत्यधिक रक्तस्त्राव हो सकता है, आपकी संस्था में रक्ताधान व नियमित / सतत् स्त्री रोग विशेषज्ञ व शल्यक्रिया विशेषज्ञ उपलब्ध न होने के बाबजूद उसे 07 घंटे पश्चात् रेफर क्यों किया गया ? इस देरी का कारण स्पष्ट करें

5. प्रसूता को इस गंभीर स्थिति में रेफर किये जाते समय प्रसूता के साथ किस चिकित्सक व टेक्नीशियन को भेजा गया उसका विवरण दे।

6 डॉ. शिखा शाक्य की शैक्षणिक योग्यता तथा मैडिकल काउंसिल में पंजीकरण संबंधी सभी अभिलेखो की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां प्रस्तुत करें। ये आपके अस्पताल के अलावा अन्य किस-किस अस्पताल में पूर्णकालिक या अंशकालिक चिकित्सक के तौर पर पंजीकृत है? क्या इनके द्वारा अपने पूर्णकालिका नियोक्ता द्वारा अन्य संस्थाओं में कार्य करने हेतु जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करे

7. 21.10.2024 को अपराहन 12:22 बजे से दिनांक 22.10.2024 को प्रात: 06:00 बजे तक प्रसूता का किन-किन चिकित्सको द्वारा परीक्षण किया गया तथा क्या-क्या उपचार दिया गया महिला के प्रबंधन में शामिल समस्त चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की शैक्षणिक योग्यता तथा मेडिकल काउंसिल/नर्सिंग काउंसिल / मध्यप्रदेश अलाइड एण्ड हेल्थ केयर काउंसिल (पद / पात्रतानुसार) मे उनके पंजीकरण संबंधी सभी अभिलेखों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां प्रस्तुत करे इसके बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीम गठित की गई जिसमें पाया गया टीम द्वारा जांच की गई भोपाल हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी ड्रामा सेंटर वार्ड नंबर 12 इब्राहिमपुर रोड बेरसिया

दोपहर 1:30 बजे उपस्थित हुए जांच में उपरोक्त हॉस्पिटल के संचालक दीनदयाल लोधी से मिले एवं उनसे अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में पूछताछ की गई इसके अनुसार 27 लोग विभिन्न संवर्ग के कार्यरत है संस्था के उपस्थिति पंजी की छाया प्रति संलग्न है संचालक से सभी के शैक्षणिक योग्यता तथा पेरामेडिकल काउंसिल नर्सिंग काउंसिग मध्यप्रदेश ऑनलाइन एंड हेल्थ केयर काउंसिग पद पात्रता अनुसार अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु कहा गया परंतु इसके द्वारा किसी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए उपस्थित कर्मचारियों से बात करने पर बताया गया कि वह नर्सिंग विद्यार्थी हैं उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ के दस्तावेज संचालक द्वारा केवल निम्नलिखित पैरामेडिकल स्टाफ के वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए गए 1 सुश्री हिमानी कुशवाहा जनरल नर्सिंग नर्सिंग मिडवाईफ का पंजीयन 2 श्री सूरज सिंह राजपूत जनरल नर्सिंग मिडवाईफ का पंजीयन 3. लक्ष्मी नारायण कुशवाहा बीएससी नर्सिंग का पंजीयन

उक्त तीन पैरामेडिकल स्टाफ के अलावा किसी भी चिकित्सा या अन्य पैरामेडिकल स्टाफ का शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज वेध पंजीयन के दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ है जांच दल सदस्यों के नाम

1 डॉ दिलीप हेडाउ चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमर्रा 2 . श्री मनोज मेहर विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकासखंड बेरसिया 3 .सुश्री अंजू बिहारे विकासखंड लेखा प्रबंधक विकासखंड बैरसिया

इसके बाद भी क्यों नहीं हो रही कार्यवाही एक मासूम महिला की जान जाने के बावजूद भी चल रहा है भोपाल हॉस्पिटल व्यवस्थाएं एवं डॉक्टर नहीं होने के बावजूद भी आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है मौत का खेल

# राम मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर आदर्श गौशाला में अनेको कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्राचीन पद्धति से हुआ विवाह सपन्न**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101





**ग्वालियर**- अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर ग्वालियर के लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला में हुए अनेक कार्यक्रम ग्वालियर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला में आज अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना थे गौशाला में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए एवं मलखंब पर कलाकारों ने अपना प्रदर्शन किया मंच पर स्थित सिख समाज के पांच गुरुओं का भी सम्मान किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद सक्सेना ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए उन्होंने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम से आज के युवाओं को नई प्रेरणा मिलती है इस अवसर पर गौशाला के मुख्य संरक्षक श्री ऋषभ देव जी महाराज ने कहा कि आज इस गौशाला में अनेक धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं सभी कलाकार भारतीय परिवेश में आए हुए हैं श्री राम जन्मोत्सव विवाह उत्सव एवं गाय उत्सव साथ-साथ मनाए जा रहे हैं आज के कार्यक्रम में पदम श्री अवार्ड के साथ-साथ कई आईएएस अधिकारी उपस्थित थे

# शुभम कुमार गौड़ बने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति विकास परिषद के ग्वालियर महानगर के जिला अध्यक्ष

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
लोकेंद्र सोलंकी



**ग्वालियर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास परिषद की राष्ट्र इकाई ने ग्वालियर से भाजपा युवा नेता श्री शुभम कुमार गौड़ को मध्य प्रदेश इकाई का ग्वालियर महानगर जिला अध्यक्ष बनाया है। परिषद के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी पूर्व ई.ए.एस पी एस बेरबाल जी ने इस आशय की जानकारी दी है। श्री बेरबाल ने बताया कि राष्ट्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास परिषद दिल्ली द्वारा सामाजिक कार्य एवं राजनीतिक स्तर पर किए गए कार्यों को देखते हुए श्री शुभम कुमार गौड़ को परिषद की मध्य प्रदेश इकाई से ग्वालियर महानगर जिलाअध्यक्ष नियुक्त किया गया है । उनकी यह नियुक्ति परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री प्रवीण मांगरिया जी की सहमति से की गई है। गौरतलाप है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया है । इसके अलावा प्रवीण मांगरिया, मंडल के सांसद माननीय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी राष्ट्रीय संयोजक, और गुजरात के विधायक राष्ट्रीय से संयोजक हैं।

शुभम कुमार गौड़ = यह सम्मान मेरे अब तक के सामाजिक कार्यों को पहचानते हुए और मुझ पर विश्वास करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए, मैं यहां प्रण करता हूं कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की सेवा के लिए अपने पूरे समर्पण और निष्ठा से कार्य करूंगा, मेरा उद्देश्य केवल समाज में सकारात्मक बदलाव लाना ही नहीं बल्कि उन सभी लोगों को सशक्त बनाना है, जिन्हें अपनी आवाज बुलंद करने के लिए समर्थन की आवश्यकता है। मैं इस अवसर के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति विकास परिषद के (राष्ट्रीय अध्यक्ष) श्री प्रवीण मांगरिया (संरक्षक) पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल वासनिक (राष्ट्रीय संयोजक) मंडला के सांसद माननीय श्री फग्गन सिंह कोलस्ते , (राष्ट्रीय सह संयोजक) माननीय

# ग्वालियर में हो रहा है शहर का सबसे बड़ा एमबीए एडमिशन इवेंट

ग्वालियर- अगर आप एमबीए करना चाहते हैं और एक सही कॉलेज के चयन को लेकर कन्फ्यूज है तो आपको एक ऐसे माध्यम की जरूरत है जिसमें आपको निष्पक्ष और सही जानकारी मिल सके और आपको एक सही एमबीए कॉलेज चयन करने में मदद कर सके। ज्यादातर अच्छे कॉलेज जहां से एमबीए करने के बाद आपको अच्छी कंपनी में प्लेसमेंट हो जाती है और आपका करियर श्योर हो जाता है। ऐसे कॉलेज मुंबई पुणे बैंगलोर, देहली, हैदराबाद अहमदाबाद एनसीआर जैसे बड़े शहरों में है। लेकिन एक छात्र के लिए यह संभव नहीं है कि वह इन सभी शहरों में जाकर तमाम कॉलेज विजिट करें और सही कॉलेज का चयन करें। तो आपकी इस समस्या का समाधान लेकर आ रहा है करियर विस्टा एजुकेशन।

जो छात्र देश के विभिन्न शहरों में एक अच्छे एमबीए कॉलेज का चयन कर रहे हैं। उनके लिए ग्वालियर में एक सुनहरा मौका एमबीए फेस्ट लेकर करियर विस्टा एजुकेशन आ रहा है। ग्वालियर में होने जा इस सबसे बड़े एमबीए एडमिशन इवेंट में तमाम बड़े शहरों के कॉलेज आ रहे हैं। यहां पर एमबीए करने वाले छात्रों को अलग अलग स्पेशलाइजेशन और कॉलेजों के बारे में जानकारी एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाएगी। इस एमबी एडमिशन इवेंट में छात्रों को एंट्री कूपन के आधार पर प्रवेश मिलेगा। जो छात्र भी इस एमबीए एडमिशन इवेंट लाभ लेना चाहते हैं, इसके एंट्री कूपन प्राप्त करने के लिए 8821888088 या 9926679104 पर संपर्क कर सकते हैं। यहाँ छात्रों को अलग अलग कॉलेज के एप्लीकेशन फार्म और एडमिशन प्रोसेस के बारे में जानकारी के साथ ही प्रवेश लेने का ऑन द स्पॉट मौका भी दिया जाएगा। जो छात्र आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें हंड्रेड परसेंट तक स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी। जो छात्र एमबीए एंट्रेस एग्जाम कैट सीमेंट में शहर के टॉपर रहे हैं उन्हें इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

# एमआईटीएस ग्वालियर और संचार मंत्रालय के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर टेलीकॉम सेंटर में अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर- चंबल के लिए बड़ी सौगात, केंद्रीय मंत्री सिंधिया की मौजूदगी में स्थ्ड्ड्रस् ग्वालियर और संचार मंत्रालय के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर, टेलिकॉम सेक्टर में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर ग्वालियर- चंबल वासियों को तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र एक अनुपम सौगात मिली है। ग्वालियर के स्थ्ड्ड्रस् कॉलेज एवं संचार मंत्रालय के %टेलिकॉम सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस% दिल्ली के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन हुआ है। सिंधिया की मौजूदगी में हुए इस एमओयू के अंतर्गत स्थ्ड्ड्रस् कॉलेज परिसर में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। जिसके तहत छात्रों को इंटीग्रेटेड सेंसिंग एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के नए पहलुओं को जानने- समझने का मौका मिलेगा। साथ ही विकास और अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा।

आकादमिक शोध और अनुसंधान में मिलेगी मदद: 5 वर्ष के लिए हुए इस समझौते के अंतर्गत अकादमिक शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में छात्रों एवं तकनीकी शोधकर्ताओं को मदद मिलेगी। साथ ही 5जी एवं 6जी तकनीक को लेकर होने वाले नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। ताकि पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए उद्यम एवं रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें।

# अम्बाह पीजी कॉलेज की छात्राएं राज्य स्तरीय युवा उत्सव में दिखाएंगी नाट्य कौशल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन




**अम्बाह...** पीजी कॉलेज अम्बाह की छह प्रतिभाशाली छात्राएं मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में अपने नाट्य कौशल का प्रदर्शन करेंगी। यह उत्सव 3 से 5 फरवरी 2025 तक देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय, इंदौर में आयोजित होगा।

युवा उत्सव प्रभारी डॉ शशि वल्लभ शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की इन छात्राओं ने दिसंबर प्रथम सप्ताह में जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित अंतरजिला स्तरीय युवा उत्सव में स्किट (लघु हास्य नाटिका) और माइम (मूक अभिनय) विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के कारण इन्हें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिला है।

प्रतिभागी छात्राओं में स्वार्थी शर्मा पुत्री केशब प्रसाद शर्मा पत्रकार मुस्कान उपाध्याय पुत्री सोनू उपाध्याय आयुषी मुद्गल, शिवांजलि शर्मा, नैन्सी गुप्ता और निधि ओझा शामिल हैं। 20 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में विशेषज्ञों द्वारा इन छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु छात्राओं को सोमवार को रवाना कर दिया गया है।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर, आईक्यूएसी सेल समन्वयक डॉ. दिवाकर श्रोती, डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव और महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**श्री गणेशाय नमः**



दि.25 जनवरी 2025 शनिवार को षट्तिला एकादशी व्रत सर्वेषां-सबका।
दि.27 जनवरी 2025 सोमवार को प्रदोष व्रत एवं मासिक शिवरात्रि व्रत।
दि.29 जनवरी 2025 बुधवार को देव पितृ कार्य हेतु मौनी अमावस्या प्रयागराज कुम्भ महापर्व।
दि.30 जनवरी 2025 बृहस्पतिवार से गुप्त नवरात्रि व्रत प्रारम्भ।

**पण्डित रामखिलावन दास छरैंटा-खरौआ गोहद भिण्ड मध्य प्रदेश।**
**मो.9617927811,9300824710**
राधे-राधे

# सीता-राम विवाह कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता, राम सीता की झांकी रही आकर्षण का केन्द्र



**दबोह।** नगर के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पतारा सरकार हनुमान जी मन्दिर पर 17 जनवरी से 25 जनवरी तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमे कथा के कथावाचक पण्डित श्री पवन द्विवेदी जी महाराज अयोध्या धाम ने भगवान श्री राम विवाह का सुन्दर वर्णन किया ।अयोजित श्री राम कथा में राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए ।कथावाचक पण्डित श्री पवन द्विवेदी जी महाराज अयोध्या धाम ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था ।एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया ।उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ,क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था ।राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा,उसी से सीता का विवाह होगा ।उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा-महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की,लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली ।गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया ।इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे ।इस क्रम में कथावाचक पण्डित श्री पवन द्विवेदी जी महाराज अयोध्या धाम ने क्षेत्रीय संगीत की धुन पर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया ।इस दौरान कथा के पंडाल में भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे और श्री राम विवाह का आनन्द लिया।

# भिंड के रामानंद आश्रम के संत ने बच्चों को दवाईयां एवं फल किये वितरित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/
रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान





भिंडी ऋषि की तपोभूमि भिंड जिले के संत डॉ मोहनानंद सरस्वती द्वारा निरंतर शिविर लगा कर महाकुंभ प्रयागराज मैं जन सेवा जरुरतमंदो की साहायता की जा रही है इसी क्रम में मोहनानंद जी महाराज ने एक आयुर्वेद कैंप का फिर विधिवत आयोजन किया जिसमें स्वच्छता प्रहरियों के स्कूल के छोटे बच्चों को दबाई एवम फल और बिस्कुटों का वितरण किया बच्चों के स्वास्थ्य का परिक्षण किया ।

ब्रहमलीन स्वामी श्री रामानंद अखंड जन सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर डा.मोहनानंद सरस्वती ,योगेश्वर दत्त शर्मा(महासचिव), महंत चौकी सरकार जी महाराज जी के निर्देशन में आचार्य अनुपम अवस्थी जी, धर्मेंद्र चालक,स्वामीरामगिरी डंडा वाले, स्वामी विश्वात्मा नंद जी, स्वामी तेजोमय नंदजी,स्वामी जितेस्वर दास जी,स्वामी नरेशानंद जी, स्वामीआनंदानंद जी, स्वामी प्रभुतानंद जी,करण सिंह ,अभिषेक , राकेश, बबलू , संदीप, इंद्रजीत, राजीव, डा0 धर्मेंद्र सिंह,ओंबाबा जी,स्वामी प्रकाशानंद जी, इंद्रवीर सिंह, कृष्ण कांत मिश्रा ,आलोक पंडित ,अभयसिंह , रुपसिंह, अनिल केबी,भानुप्रताप, ,कृष्णा सिंह, रामौतार दीक्षित ,डा0 भंवर सिंह स्वामी संतोसानंद जी ,रोविनसिंह आदि सेवकों व महात्माओ ने सेवा की, जिसमें प्रशासन ने भी सहयोग दिया

# सुरक्षित यात्रा के लिए सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन अवश्य करें

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन




**अम्बाह।** नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत छात्र छात्राओं और वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है ।इसी क्रम में बुधवार को माय भारत के स्वयं सेवकों ने डायवर्सन रोड़, पोरसा रोड़ और अशोका ग्लोबल स्कूल में जागरुकता अभियान चलाया गया। अशोका ग्लोबल स्कूल में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा, विद्यालय प्राचार्य कामिनी श्रीवास्तव, रितिका तोमर, नंदनी शर्मा, आनंद शर्मा,मनोज श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र तोमर ने छात्र छात्राओं को यातायात संकेतों और नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विजय शर्मा ने कहा कि यातायात संकेतों को तीन भागों में बांटा गया है, आदेशात्मक, चेतावनी और सूचनात्मक ।जिनका सड़क पर चलने वाले सभी लोगों को पालन करना चाहिए। पोरसा रोड़ पर आदि युवा मंडल के पदाधिकारी शशांक शर्मा,विपिन तोमर और रासेयो स्वयं सेवक दीपांशु शर्मा, मनमोहन राठौर, अंकित राठौर ने दो पहिया वाहन चालकों से हाथ जोड़कर हेलमेट पहनने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस और चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि घर सुरक्षित लौटने के लिए हेलमेट पहनें। डायवर्सन रोड़ पर जय हिन्द कालेज के पास रासेयो कार्यक्रम अधिकारी हरिओम शर्मा, शिक्षिका सुमिता चौहान, छात्र आनंद तोमर, शिल्पी राजावत,निशा तोमर, अनुराग शर्मा, भूपेन्द्र तोमर,प्राची शर्मा और पंजाब सिंह की टीम ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, नियंत्रित गति में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय नशा और मोबाइल का प्रयोग न करने के लिए निवेदन किया तथा हेलमेट पहने हुए वाहन चालकों को फूल भेंट कर और गजक खिलाकर सम्मान किया।

# सीएमएचओ ने प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किए जाने पर सीबीएमओ रौन को दिया नोटिस

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर
संतोष सिंह चौहान

डिलेवरी पाईट पर पदस्थ स्टाफ की वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया कारण बताओ नोटिस भिण्ड 22 जनवरी 2025/दिनांक 21 जनवरी 2025 को प्राप्त शिकायत श्री हरिशंकर बघेल, निवासी ग्राम महायर, तहसील रौन का संज्ञान लेते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. जे.एस. यादव, ने उक्त शिकायत की जांच हेतु गठित दल जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम भिण्ड डॉ. एस.के. व्यास, जिला टीकाकरण अधिकारी भिण्ड डॉ. किशन सिंह राजावत, एवं संविदा चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी फूप डॉ. बीना बी. होतगी द्वारा प्रकरण की जांच की गई। टीम द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि आपके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का पालन नहीं किया गया, डिलेवरी पाईंट पर पैसे लिये जाने एवं शिशु की मृत्यु हो जाना यह सिद्ध करता है कि सीबीएमओ डॉ. अनिल शर्मा द्वारा अधीनस्थ स्टाफ की निगरानी एवं प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया है जिस हेतु उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं डिलेवरी पाईंट पर पदस्थ स्टाफ उर्मिला गुप्ता, दाई सीएचसी रौन पैसे लिये जाने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई ।डॉ. जे.एस. यादव सीएमएचओ भिण्ड ने जानकारी देते हुये बताया कि जांच दल की रिर्पोट अनुसार सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। नोटिस का जबाव समाधान कारक न पाये जाने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर गुरुवार 23 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## गणतंत्र दिवस समारोह का विशेष मध्यान्ह भोज चैफाल में

**सीधी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने जानकारी देकर बताया है कि 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम उपरांत मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैफाल में अध्ययनरत बच्चों के साथ विशेष भोज में भाग लिया जाना है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र सीधी, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैफाल, सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत क्षेत्र चैफाल कोठार एवं अध्यक्ष एवं सचिव सरस्वती एवं उमंग महिला स्वसहायता समूह पी.एम.पोषण चैफाल को विशेष भोज कार्यक्रम की सम्पूर्ण आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम सम्पन्न करायें जाने का लेख किया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को, 24 जनवरी को दिलाई जाएगी मतदाता शपथ




**सीधी।** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिला स्तर पर शासकीय संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय के आडिटोरियम हाल में सुबह 11 बजे आयोजित किया जावेगा, जिसमें समस्त कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त मतदाता दिवस का आयोजन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रो में भी किया जावेगा। इस कार्यक्रम में पहली बार मतदाता सूची में शामिल नवीन मतदाताओं को परिचय पत्र का वितरण किया जावेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मतदाताओं को शपथ 25 जनवरी 2025 (शनिवार) को शासकीय कार्य दिवस न होने के कारण अब यह शपथ दिनांक 24 जनवरी 2025 को दिलाई जानी है। उन्होने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि अपने कार्यक्षेत्र में पदस्थ सभी अधिकारी/कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिनांक 24 जनवरी 2025 दिलाते हुए शा. संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय के आडिटोरियम हाल में 25 जनवरी 2025 (शनिवार) सुबह 11 बजे आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## श्रमोदय आवासीय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सीधी।** श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 06वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से दिनांक 10.01.2025 से 31.01.2025 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 09.02.2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड के पोर्टल ूण्उचेवेण्दपबण्पद से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# थानाध्यक्ष विनय शर्मा एवम उनकी पुलिस टीम को किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर, एवम मीठा खिलाकर किया सम्मानित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर, ब्यूरों चीप जाती राम







सहारनपुर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा,कि आज पहली बार हमें देखने को मिला,जब थाना बड़गांव के किसी थाना प्रभारी ने गौकशो पर इतनी बड़ी कार्रवाई की आपको बता दे चैकिंग के दौरान थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ बहेडा के जंगल मे अपनी जान की परवाह किए बगेर गौ-तस्करी करने वाले गौकशो से मुठभेड़ की,जिसमें थानाध्यक्ष विनय शर्मा व उनकी पुलिस टीम ने जबरदस्त सफलता हासिल करते हुए दो गौकशो को अवैध हथियारों,गौकशी के उपकरणो एवम जिंदा गौवंश के साथ गिरफ्तार किया।उनकी इतनी बड़ी सफलता एवम जांबाजी को लेकर बड़गांव क्षेत्र के रहने वाले हिन्दू संगठन एवम किसान मजदूर संगठन के लोगों ने आज थाना बड़गांव पंहुचकर थानाध्यक्ष विनय शर्मा व उनकी पुरी पुलिस को माला पहनाकर एवम उन सभी का मुंह मीठा कराकर उन्हें एक बड़ा सम्मान दिया।इस मौके पर किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा,कि आज हमें पहली बार देखने को मिला,जब किसी थाना प्रभारी ने अपनी जान हथेली पर रख गौकशो के विरुद्ध इतनी बड़ी कार्रवाई की।उन्होंने थानाध्यक्ष विनय शर्मा एवम उनकी पुरी पुलिस टीम को बधाई दी।इस मौके पर किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों के अलावा गांव नल्हेडा से पूर्ण सिह, अनिकेत, विशाल, रामभूल, अर्जुन सहित काफी संख्या में ग्रामीण

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सीडीओ ने बैठक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/
नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में आगामी 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दृष्टिगत बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर कंचन, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, परियोजना निदेशक अरुण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी स्थानों पर साज सज्जा, सजावट व साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने समस्त कार्यालयों में साफ-सफाई व साज सज्जा के निर्देश दिए। समस्त खंड विकास अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में अमृत सरोवरों व शहीद स्मारकों पर झंडा रोहण कराए। जिला प्रोबेशन अधिकारी वृद्धा आश्रमों में फल व मिठाई का वितरण सुनिश्चित करे। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रभात फेरी, रंगोली, वाद विवाद, क्विज, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता को आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिला क्रीड़ा अधिकारी को विशाल रैली आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता के अमृत काल में सम्पूर्ण जनपद में वर्ष-पर्यन्त हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के अन्तर्गत अभियान के रूप में विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जाएंगे। आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के तथ्य पर बल दिया जाएगा। सम्पूर्ण जनपद में दिनांक 26 जनवरी,2025 की विशिष्ट तिथि पर जिले के समस्त जिला पंचायतों, विकास खण्डों, क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम सभाओं में पूर्व निर्धारित परम्परागत कार्यक्रमों यथा-ध्वजारोहण / प्रार्थना सभा आदि के पास पश्चात हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के टैग लाईन वाले पोस्टर, बैनर एवं झंडे के साथ प्रभात फेरियों का आयोजन कराते हुए प्रभात फेरी समाप्ति स्थल (एस0सी0/ एस0टी0 बाहुल्य क्षेत्र में अमृत सरोवर स्थलों पर बाबा साहेब बीआर आंबेडकर की मूर्ति अथवा मूर्ति की अनुपलब्धता में उनका बड़ा चित्र लगाकर उसपर माल्यापर्ण अथवा पुष्पांजलि अर्पण के साथ) पर स्वतंत्रता प्राप्ति तथा संविधान निर्माण के संबंध में मनीषियों एवं विधि वेत्ताओं की भूमिका पर वाद-विवाद, गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

# मंगल कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**सीधी।** नव दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का सुभारंभ उत्तरी करौंदिया से भव्य कलश यात्रा निकाली गई एवम सभी महिलाएं कलश लेकर बीर बजरंग बली संकट मोचन धाम का आशीर्वाद लिया एवम पूजा पाठ कर दोपहर 2 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमे भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली गई। मंगल कलश यात्रा में कथा व्यास परम् पूज्यनीय डॉ. मनमोहन दास जी महराज शरणागत आश्रम चित्रकूट चले।पूरे रास्ते यात्रा पर नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



कलश यात्रा संकट मोचन धाम होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। आयोजक समिति शिव आदिशक्ति सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिकेत चतुर्वेदी प्रतिदिन 2 बजे से सायं 7 बजे तक श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ करने का आग्रह किया।

NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षों से लगातार
आयुष्मान में
निःशुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
+91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पताः नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

# भाजपा सरकार को जानवर पसंद है आदिवासी पसंद नहीं : डा. अलावा

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

सिलवानी प्रदेश स्तरीय जयस महापंचायत का आयोजन सिलवानी आदिवासी विकासखंड के अंतर्गत आदिवासी अंचल के ग्राम शालावरू में प्रसिद्ध विंडो के मेले में संभाग स्तरीय जयस महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जयस के संरक्षक विधायक डॉ.हीरालाल अलावा सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, राजा धर्मवीर,नीलमणि शाह डॉ राजू पटेल जयस प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम

कार्यकरी अध्यक्ष विजय डामोर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश स्तरीय जयस महापंचायत के कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान बड़ा देव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाकर युवा बालक बालिकाओं ने आदिवासी वेशभूषा पहन कर लोक नृत्य कर मनमोहक प्रस्तुति दी जिसने सभी को मनमुग्ध कर दिया।

जयस महापंचायत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयस के संरक्षक मनावर विधायक डॉ.हीरालाल अलावा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों को जमीनों पर राता पानी अभ्यारण क्षेत्र बनाकर उन जगहों पर शेर भालू तेंदुओं को लाया जा रहा है सरकार को जंगली जानवरों की चिंता है आदिवासी समाज की नहीं रायसेन जिले में अभ्यारण क्षेत्र में लगभग 100 गांव जा रहे हैं जिसमें बड़े पैमाने पर गरीब आदिवासियों की जमीन जा रही है वर्तमान समय में मध्य प्रदेश मैं मोहन यादव की सरकार और केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी की सरकार आदिवासियों को डिस्पोजल की तरह उपयोग करके उनका शोषण कर रही है पूरे प्रदेश में ही आदिवासियों की जमीनों पर अनेकों जगह दबंगो का कब्जा है सबसे ज्यादा अत्याचार दुराचार शोषण मध्य प्रदेश के आनेको जिलों में निवास कर रहे आदिवासी समाज के ऊपर हो रहे है वर्तमान समय में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने गवर्नर को रिपोर्ट पेश की गई है कि आदिवासी क्षेत्रों में शराब बिक्री होना चाहिए जो ग़लत है आजआदिवासियों को शराब पिलाने का काम वर्तमान भाजपा की सरकार कर रही है जबके संविधान में कानून वना था कि आदिवासी वर्गों को शिक्षा व्यवसाय रोजगार में आदिवासी समाज की भागीदारी कर उन्हें उन्नति प्रगति के साथ व्यवसाय से जोड़ना था लेकिन वर्तमान भाजपा की सरकार आदिवासियों को वोट बैंक की तरह उपयोग कर रही है

विधायक डॉ.हीरालाल अलावा कहा कि प्रदेश वा केंद्र की सरकार आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को रोक नहीं पा रही है आदिवासी समाज के लोग जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, बेरोजगारी,से जूझ रहे हैं आज भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं विधायक देवेंद्र पटेल ने पूर्व मंत्री पर लगाए आरोप विकास के नाम पर बहा दी पूर्व मंत्री ने भ्रष्टाचार की गंगा श्री पटेल* ने कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व मंत्री जो 35, वर्ष से पीचई विभाग ,राजस्व विभाग लोक निर्माण विभाग से लेकर निगम जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे उनकी पत्नी विधायक आप सांसद



भी रहे जितने राजनीतिक दृष्टिकोण से जो महत्वपूर्ण पद होते हैं बह सभी पूर्व मंत्री के पास रहे लेकिन सिलवानी विधानसभा में आज तक कोई भी उद्योग नहीं खुल पाया है हजारों रुपए की लागत से बनी सिलवानी बेगमगंज में सड़कों में घटिया निर्माण हुए हैं जिसके कारण सड़के में बड़े बड़े गड्ढे हो गये है जो बाहन चालकों को हादसे का कारण बन रहे हैं

आदिवासी अंचल प्रतापगढ़ क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से डेमो तथा नेहरों का निर्माण कार्य सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग 5 साल पूर्ण कराया गया था जो वर्तमान समय में घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया ने जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है पूर्व मंत्री द्वारा विकास के नाम पर विधानसभा में विनाश की गंगा बहा दी गई है तत्कालीन विदेश मंत्री रही स्वर्गीय सुषमा स्वराज ने भी लगभग,7 साल पूर्व सिलवानी में केंद्रीय विद्यालय की घोषणा की थी जो आज दिनांक तक पूरी नहीं हो पाई है भाजपा सरकार में जब विदेश मंत्री की ही सुनवाई नहीं हो पा रही है आम जनता की समस्याओं की क्या सुनवाई होगी *कार्यक्रम को धर्मवीर ने भी अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आज आदिवासी सखा समाज जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, बेरोजगारी, से जूझ रहा है*

बड़े पैमाने पर आदिवासी क्षेत्र प्रतापगढ़ सियाराम बमोरी क्षेत्रों में अब शराब का कारोबार बड़ी मात्रा में किया जा रहा है लेकिन उन पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही जिसके चलते युवा आज शराब के नशे का शिकार हो रहा है

कार्यक्रम मे नीलमणि शाह ने कहा कि आदिवासी अंचलों में बड़े पैमाने पर आदिवासी लोगों का दवंगो द्वारा शोषण किया जा रहा है आदिवासी लोगों पर बिजली विभाग राजस्व विभाग वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा झूठे केस लगा कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है जिसके कारण गरीब आदिवासियों की लाचार और मजवूर हो रहा है उन्होंने कहा कि शालावरू गांव विंडो का मेला गांव के किनारे से लगकर बहने वाली नदी तेंदोनी गांव की जीवन दायिनी पुण्य सलिला के रूप में लोगों की श्रद्धा का केंद्र है।नदी के किनारे पत्थरों पर पाषाण युग कालीन गोलाकार चिन्हों को बिन्डा के रूप में पूजा जाता है मान्यता अनुसार बिन्डो की पूजा करने से बर्ष भर घर में अन्नपूर्णा का भंडार भरपूर रहता है आज वर्तमान में यहीआ पूर्व युग कालीन बिन्डे नदी में डेम बन जाने से अथाह जल में समाधिस्थ हो गये हैं मान्यता अनुसार आज भी असंख्य क्षेत्रवासी शालावरु गांव में आकर विंडो की पूजा अर्चना कर घर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं जिसके तहत विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। आदिवासियों की इस पारंपरिक धरोहर को सहेजने संवारने के लिए सामाजिक संगोष्ठियों का आयोजन इस पवित्र स्थल पर सामाजिक संगठनों के द्वारा किया जाता है कार्यक्रम में स्वागत भाषण में कुंवर सूर्य जीत सिंह ने जयस की स्थापना उद्देश्य एवं विस्तार पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय आदिवासी कुंवर धर्म वीर सिंह, नीलमणि शाह ने जनमानस का सफल आयोजन के लिए आभार माना कार्यक्रम में यह रहे उपस्थितजयस अध्यक्ष विजय पन्द्राम रूपसिंह ,धनराज सिंह, धर्म दास इमने ,नंदकिशोर उईके, मोहन सिंह मरकाम,ब्रजेश कुड़पे रामलाल उइके, रामबाबू उईके,डॉ टीकाराम मरकाम ,भैया राम,रामदीन दादा,राम सिंह, सुल्तान सिंह,, महेश ठाकुर, महाराज सिंह,, राजेंद्र सिंह, हरिलाल मर्सकोले ,अर्जुन इरपाचे, ,राजू बघेल बम्होरी सरपंच आदि उपस्थित रहे

# सनावद-ग्राम पंचायत स्तर तक कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा- जीतू पटवारी

### भाजपा के राज्य में मंत्रियों के नाम है भ्रष्टाचार और अपराधियों की सूची में कांग्रेस

### कार्यकर्ता की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया आरोप

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सनावद**-शहर में मंगलवार को पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। जैन कॉलोनी में हुई सभा में उन्होंने कहा मप्र में कांग्रेस संगठन को जनता ने जनादेश नहीं दिया और विपक्ष में रहने की भूमिका की जवाबदारी सौंपी। इसका हमने बखूबी निर्वहन किया। लेकिन भाजपा के राज में लगातार सत्ता में बैठे मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक भ्रष्टाचार में लगे है। भाजपा के सात मंत्री ऐसे हैं जिन पर मामले दर्ज है। न खाऊंगा न खाने देने की बात करने वाले प्रधानमंत्री इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा भाजपा के राज में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। भाजपा के नेता, अधिकारियों के जरिए वसूली व लंबी सेटिंग में लगे हुए हैं। नगर सहित पूरे प्रदेश के भू माफियाओं पर भी कटाक्ष करते हुए भाजपा सरकार से मिले होने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं से चर्चा में कहा कांग्रेस संगठन को हमें ग्राम पंचायत स्तर तक मजबूत बनाना पड़ेगा। इसके लिए हम सभी तैयार रहे और मार्च के बाद इसकी कार्य योजना को लागू किया जाएगा। पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा सौरभ शर्मा को भाजपा सरकार का संरक्षण मिल रहा है। इसी संरक्षण के कारण वह आज तक फरार हैं।उसे मालूम था कि अब उसके यहां पुलिस की रेड डलने वाली है। इसके पहले ही पत्नी को लेकर वह फरार हो गया। इस मामले में सरकार की जितनी भी एजेंसी है वह सब उसको सपोर्ट कर रही है। उन्होंने कहा पार्टी का अच्छा-बुरा समय आता है। जो कमजोर दिल के थे वे चले गए। विधानसभा में हमने एकता के साथ चुनाव लड़ा, लेकिन प्रदेश की जनता ने हमें विपक्ष में रहने की भूमिका की जवाबदारी दी। इसका हम निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन हालत बिगड़ने के बाद कमजोर दिल के लोग कांग्रेस को छोड़कर चले गए। लेकिन कांग्रेस पार्टी मजबूत कार्यकर्ताओं की पार्टी है और इसमें वही लोग रह सकते हैं जो दिल से कांग्रेस को चाहते हैं। इस दौरान पटवारी के साथ आए हुए अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कांग्रेस प्रवक्ता विवेक विद्यार्थी ने बताया पटवारी 27 जनवरी को महू में होने वाले संविधान बचाओ आंदोलन के संबंध में कार्यकर्ताओं को जानकारी देने के लिए आए थे। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नरेंद्र पटेल, राजनारायण सिंह पुरनी, सोनू पहलवान, इंदर बिरला, उम्मेद अली, आशीष चौधरी, सौभाग पटेल, नपा अध्यक्ष सुनीता बिरला सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# केबिनेट बैठक और मुख्यमंत्री के मण्डलेश्वर कार्यक्रम के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्यूरो चीफ



**महेश्वर।** लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर खरगोन जिले की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी महेश्वर में 24 जनवरी को केबिनेट बैठक का आयोजन किया जाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केबिनेट बैठक के बाद मण्डलेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में 774 करोड़ रुपये की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव महेश्वर प्रवास के दौरान अहिल्या किले में राजगादी पर पुष्प अर्पित करेंगे और अहिल्या घाट पर मंत्री मण्डल के सदस्यों के साथ मॉ नर्मदा का पूजन करेंगे तथा मण्डलेश्वर में माधव आश्रम, गौशाला में गौ पूजन करेंगे। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा महेश्वर एवं मण्डलेश्वर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इनमें मंत्रीगणों व वरिष्ठ अधिकारियों के महेश्वर आगमन एवं उनके ठहरने की व्यवस्था भी शामिल है। मण्डलेश्वर कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महेश्वर के नर्मदा रिट्रीट में केबिनेट बैठक की तैयारियां भी अंतिम चरण में है। महेश्वर में किले के साथ ही अहिल्या घाट की साफ-सफाई एवं रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। महेश्वर एवं मण्डलेश्वर की मुख्य सड़कों के दोनों ओर सफाई आदि का कार्य भी किया जा रहा है। महेश्वर एवं मण्डलेश्वर में सड़कों पर घुमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में रखा जा रहा है।

# जनसुनवाई में सुनी गई 63 आवेदकों की समस्याएं

## अधिकारियों को दिये गये त्वरित निराकरण करने के निर्देश

दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्यूरो चीफ



**खरगोन।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 21 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 63 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।

जनसुनवाई में बेड़िया निवासी मंसाराम पिता चुन्नीलाल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना है कि बेड़िया में कच्ची झोपड़ी में परिवार सहित निवास करता हूं। लेकिन रहने के लिए कोई आवासीय मकान नहीं है। इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत बेड़िया में आवास के लिए आवेदन कर चुका हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना सूची में 11वें नंबर पर नाम दर्ज है। अत: मुझे योजना का लाभ दिलाया जाएगा। जनसुनवाई में कसरवाद तहसील के ग्राम सोनखेड़ी के कृष्णा उर्फ करशन भालसे ग्राम सोनखेड़ी में पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत लेकर आया था। उसका कहना था कि मेरी माताजी, भाई और स्वयं के शामिल हक्क की पट्टा भूमि ग्राम सोनखेड़ी में स्थिति है। उसकी रजिस्ट्री नहीं होती है। लेकिन अलीम शेख पिता कलीम शेख निवासी कुम्हारखेड़ी द्वारा धोखाधड़ी कर अपने हक्क में अवैध तरीके से इसकी रजिस्ट्री करा ली गई है और उसे अन्य व्यक्ति जुजरहुसैन पीठावाला को बेच दी गई है। जनसुनवाई में आनंद नगर खरगोन की रामप्यारी बेटी द्वारा अपने घर पर कब्जा करने की शिकायत लेकर आयी थी। रामप्यारी का कहना है कि बेटी द्वारा मेरे कवेलू से बने घर को तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया गया है। जनपद पंचायत खरगोन की ग्राम पंचायत इदारतपुर के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि उनकी पंचायत के सचिव महेन्द्र राधेश्याम पाटीदार द्वारा 14वें वित्त, 15वें वित्त एवं मनरेगा से लाखों रुपये की राशि निकाल ली गई है, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। पंचायत द्वारा किये गए कार्यों की जांच की जाए।

# पर्यवेक्षक के तानाशाही रवैये से परेशान होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपनी पीड़ा लेकर पहुंची विधायक के पास

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



सनावद-नगर में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक राधा कामले के तानाशाही रवैये से परेशान होकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं आज एकत्रित होकर विधायक सचिन मिला से भेंट करने पहुंचे उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार हमें 70 वर्षीय बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके अंतर्गत हम जब कार्ड बनाने के लिए वार्ड में घर- घर गए उसे दौरान पर्यवेक्षक राधा कमले द्वारा आंगनबाड़ी का निरीक्षण कार्यकर्ता को सतत अनुपस्थित बता कर मानदेय काटने एवं दो महापूर्व वितरित होने वाले पोषण आहार जो की दो माह तक ऑफिस के गोदाम में पड़े रहने के पश्चात वितरण हुए तुरंत आकर उसे एक्सपायरी डेट में बता कर कार्रवाई कर परेशान किया जा रहा है कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को मानदेय काटने का एवं अनियमिताओं का लेटर देकर प्रताडति किया जा रहा है जो कि कुछ महिलाओं ने बताया कि हमारे द्वारा 11,14, 12 बच्चे होने के बाद भी महिला पर्यवेक्षक राधा कमले द्वारा दो से तीन बच्चे लिखे जाते हैं एवं वार्ड में कुपोषित बच्चे नहीं होने पर कार्यकर्ता को आप शब्द बोलकर कहा जाता है कि तो खुद जाकर एन आर सी में भर्ती हो जा एवं आमने-सामने घर होते हुए भी अलग वार्ड होने के कारण उन बच्चों को नहीं बिठाने हेतु निर्देशित कर अनुपस्थित लगाई गई जैसा कि विदित होवे की महिला एवं बाल विकास द्वारा 3 वर्ष से भी कम आयु के बच्चे प्राइवेट स्कूल में ले लिए जाते हैं इस हेतु कोई कार्रवाई नहीं की जाति एवं जिन बच्चों को आंगनबाड़ी आना चाहिए उन्हें नर्सरी एलकेजी और यूकेजी के रूप में शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्राइवेट स्कूल है अपनी अपनी दुकान खोले हुए बैठे हैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती और कार्यकर्ताओं के ऊपर दबाव बनाया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चे लेकर आए लेकिन कार्यकर्ताओं ने अपनी दुविधा बताते हुए कहा कि जब हम बच्चों को वार्ड में लेने जाते हैं तो पालक द्वारा यह बताया जाता है कि हमने तो उन्हें स्कूल भेज दिया है इस समय एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है कि शासन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विभिन्न विभिन्न योजनाओं में ड्यूटी लगा दी जाती है जिसे वह अपनी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाती हैं और इस दौरान अगर कोई अधिकारी उनसे इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करता है तो वह कहां जाए अन्य बातों की मांग को लेकर कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा विधायक सचिन बिरला को एक ज्ञापन सौंप कर तुरंत करवाई करने हेतु निवेदन किया गया।जिसे गंभीरता से लेते हुए विधायक सचिन बिरला ने कलेक्टर महोदय से बात कर मामले को तुरंत सुलझाने हेतु कहा जिसे जल्दी से जल्दी निराकरण होने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा विधायक का धन्यवाद किया गया और आभार व्यक्त किया

# जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माणाधीन भवन

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

खेड़ाखजुरिया- जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते अक्सर हम देखते हैं कि कई निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन हो जाते हैं। जिसका खामियाजा आमजन को कभी-कभी अपनी जान गंवाकर भी भुगतना पड़ता है । ऐसा ही मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माणधीन भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ (नींव)से ही गुणवत्ताहीन होना सामने आ रहा है । उक्त गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को लेकर सरपंच शिवनारायण परिहार व ग्रामीणों ने आपत्ति जताई थी । परंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर अभी तक किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया है । वहीं कार्रवाई के अभाव में संबंधित ठेकेदार के फैसले बुलंद है । ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का सुधार नहीं किया गया है । जानकारी अनुसार ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में प्रारंभ से ही निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में रेती के स्थान पर चूरी का उपयोग हो रहा है । जिस चूरी इस्तेमाल की जा रही है वह मिट्टी युक्त लगाई जा रही हैं। इसके अलावा गिट्टी भी गुणवत्ता वाली नहीं उपयोग की जा रही है । उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवीन भवन का लगभग 2 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से निर्माण किया जाएगा । परंतु संबंधित अधिकारियों का भौतिक निरीक्षण ना करना गुणवत्ताहीन कार्य को बढ़ावा दे रहा है । सरपंच शिवनारायण परिहार, उपसरपंच वीरेंद्रसिंह झाला ,पूर्व सरपंच रमेशचंद्र बमनावत सहित ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस ओर ध्यान देकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य गुणवत्ता से करवाने की पुन: मांग की है । इनका कहना है 卐 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की जानकारी मिली थी, उक्त मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों करवा दी गई है, परंतु उक्त मामले में अभी तक किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया है। शिवनारायण परिहार, सरपंच ग्राम पंचायत खेड़ाखजुरिया ।

# ग्रामीणों ने डिप्टी रेंजर , वनरक्षक को सस्पेंड करने की मांग की

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



**रायसेन।** खरबई के डिप्टी रेंजर सर्जन सिंह मीणा फॉरेस्ट गार्ड श्री राम सिरसाम को सस्पेंड किए जाने की मांग को लेकर गोपीसुर सतकुंडा के ग्रामीणों महिलाओं ने मंगलवार को दोपहर मोर्चा खोला। ग्रामीणों ने अमन शर्मा भोपाल के नेतृत्व में डीएफओ रायसेन विजय कुमार एसडीओ सुधीर पटले को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गोपी लाल बंजारा, प्रेम नारायण ,बाबूलाल गणेशाराम, प्रताप सिंह, फूल सिंह गोविंद सिंह ,,जगनलाल नर्मदा प्रसाद नर्मदा भाई ,ममता बाई मालाबाई बंजारा राधाबाई, कमल भाई ,गोविंदा रामकली बाई प्रदीप गणेशाराम आदि ने बताया कि हम सभी रहवासी तहसील रायसेन के गोपीसुर सतकुंडा गांव के हैं ।यहां खरबई वनरेंज के डिप्टी रेंजर सर्जन सिंह मीणा फॉरेस्ट गार्ड श्रीराम सिरसाम द्वारा अवैध रूप से चौथ वसूली की जाती है जिससे ग्रामीण खाते परेशान है ।इसके अलावा ग्रामीणों के पीएम आवास मंजूर होने के बाद भी बनने नहीं देते ।वही इन दोनों गांव में पानी की भीषण संकट बना रहता है ।इसलिए यहां भोपाल के एक बड़े किसान की निजी जमीन पर बोर किया जा रहा था। तो डिप्टी डेंजर मीणा ने वनकर्मियों की मदद लेकर इसे रोक दिया गया ।जिससे हम सभी ग्रामीण पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

**यह है सारा विवाद का मामला :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 18 जनवरी को दोपहर सात कुंडा में भोपाल निवासी अमन शर्मा के निजी राजस्व की भूमि पर ट्यूबवेल उत्खनन करवाया जा रहा था ।तभी सर्जन सिंह मीणा डिप्टी डेंजर और फॉरेस्ट गार्ड श्रीराम सिरसाम सात कुंडा गांव पहुंचे उन्होंने यहां ट्यूबवेल मशीन से बोर हो रहे कार्य को रोक दिया जिससे बंजारा समाज और अन्य समाज की महिलाएं मां कर्मियों की इस कार्रवाई से बिहार पड़ी और काफी खरीद होती सुने डिप्टी डेंजर मीणा फॉरेस्ट का गार्ड सिरसाम ने भी महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी ।इसीलिए दोनों वनकर्मियों को सस्पेंड करके उनकी विभागीय जांच शुरू की जाए। इस मामले की शिकायत 18 जनवरी 20 25 को फरवरी पुलिस चौकी में भी की गई है ।जबकि राज्य सरकार द्वारा लगभग चार वर्ष पूर्व वन ग्रामों को खत्म कर गोपीसुर सतकुंडा को राजस्व ग्राम घोषित कर दिया गया है। लेकिन विटामिन यह है कि वन विभाग के मैप नक्शे में आज भी वनग्राम दिखाई देते हैं। वर्तमान में गोपीसुर और सतकुंडा गांव की राजस्व जमीनों की ऑन लाइन रजिस्ट्रियां भी हो रही है और नामांतरण भी हो चुके हैं ।तो फिर वन विभाग अपनी गलती में सुधार क्यों नहीं करता...? गोपीसुर सतकुंडा के राजस्व नशे के अनुसार निजी जमीनों पर बोरवेल अथवा कोई निर्माण कार्य किए जाने पर वन विभाग किसी भी तरह की कोई आपत्ति ना उठाएं तो बेहतर होगा।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि वनमहकमे के अधिकारियों ने यदि इन्हें सस्पेंड नहीं किया गया तो मुख्यमंत्री के निवास भोपाल पर जाकर आंदोलन किया जाएगा।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड 2025 राउंड 2 प्रतियोगिता का आयोजन

केसरिया हिंदुस्तान से गोपाल राठौड़

गंधवानी- राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश अनुसार विकासखंड अंतर्गत जिला स्तरीय ओलंपियाड 2025 का आयोजन शासकीय उत्कर्ष विद्यालय गंधवानी में किया गया जिसमें विकास अंतर्गत समस्त संकुल स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित बच्चे विकास खान स्तर पर जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में सम्मिलित रहे गंदवानी विकास खान अंतर्गत समस्त संकुल केदो से कक्षा 2 से 3 के 144 में से 88 बच्चे सम्मिलित रहे एवं कक्षा 6 से 8 में 219 बच्चों में से 182 बच्चे प्रतियोगिता में सम्मिलित रहे इसी तरह दिनांक 23 जनवरी 2025 को भी राउंड 2 की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग लक्षित 400 बच्चे सम्मिलित होंगे शासन के निर्देश अनुसार जिला स्तरीय विकासखंड स्तर पर ओलंपियाड परीक्षा में सम्मिलित समस्त बच्चों को नाश्ता एवं भोजन करवाइए जिसमें सब्जी पूरी जलेबी आदि बच्चों को भोजन में दिया गया उक्त परीक्षा के आयोजन में परीक्षा केंद्र अध्यक्ष श्री मोहन डाबर प्राचार्य



उत्कृष्ट विद्यालय गंधवानी रमेश चंद्र मोलेश्वर बीआरसी गंधवानी गोरेलाल मंडलोई गंभीर सिंह मौर्य मांगीलाल सूर्यवंशी किशोर गोयल देवेंद्र साहू पवन मुजाल्दा गिरधारी लाल चौहान कमलेश धारवे एवं शिक्षकों का सराहनी सहयोग रहा

# रीवा में हिंदू वाहिनी संगठन के युवा अध्यक्ष आशु पटेल के नेतृत्व में भंडारा आयोजित

**संकट मोचन हनुमान चिराहुल नाथ स्वामी के आशीवादों से युवा समाज के लिए काम करने के लिए तैयार है**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रीवा



रीवा में हिंदू वाहिनी संगठन के युवा अध्यक्ष आशु पटेल के नेतृत्व में युवाओं ने संकट मोचन हनुमान चिराहुल नाथ स्वामी के दरबार में भंडारा किया। इस अवसर पर हृस्द्ध के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल और अन्य युवा समाज सेवी मौजूद थे।

इस भंडारे का उद्देश्य समाज को आगे बढ़ाने और युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना था। आशु पटेल ने कहा कि हमारा संगठन निरंतर समाज के लिए काम करता रहेगा और युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर मौजूद अन्य युवा समाज सेवियों ने भी समाज के लिए काम करने का संकल्प लिया। यह भंडारा संकट मोचन हनुमान चिराहुल नाथ स्वामी के दरबार में आयोजित किया गया था, जो रीवा के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। आशु पटेल ने कहा कि हमारा संगठन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण। हमारा उद्देश्य समाज को बेहतर बनाना है और युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर मौजूद अन्य लोगों ने भी आशु पटेल और उनके संगठन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आशु पटेल और उनका संगठन समाज के लिए बहुत काम कर रहे हैं और हमें उनके साथ मिलकर काम करना चाहिए।

यह भंडारा एक सफल आयोजन साबित हुआ और इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आशु पटेल और उनके संगठन ने इस आयोजन के माध्यम से समाज को एक संदेश दिया है कि हम समाज के लिए काम करने के लिए तैयार हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे हिंदू वाहिनी संगठन के अध्यक्ष आशु पटेल आयोजक, हृह्यह्वद्ध के कोश अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल और युवा समाज सेवी दीपक पटेल, अमित पटेल, आदर्श शुक्ला जेपी सोनी आंसू गुप्ता,समित पटेल,कारण पटेल,शुभम पटेल, अमन पटेल,नीरज कोल, अभिनव गहरवार, ओम गुप्ता , बांसबहोर पटेल,सहित अन्य युवा समाज सेवी समाज सेवी शामिल रहे ।

# सड़क निर्माण में हद दर्जे की लापरवाही

सूरज सनाढ्य हिंदुस्तान केसरिया



**अमरपाटन विशेष**

मैहर/अमरपाटन अमरपाटन नगर में लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत प्रगति इंडिया कन्स्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमे सीधे तौर पर लीपा पोती की जा रही है बड़ी मशीनों को अन्यत्र भेज कर हल्के मशीनों से काम करवाया जा रहा है जिससे सही कम्पेक्सन नही मिलने के कारण सड़क की गुडवत्ता भी सही नही बन पा रही है वही आधी अधूरी सड़क का निर्माण कर छोड़ दिया गया है और कोई चेतावनी का बोर्ड भी नही लगाया गया जिससे लोग रोज गिरकर घायल हो रहे है सतना चौराहे पर भी मिट्टी डाली गई जिसके कारण दर्जनों दोपहिया वाहन चालक गिर कर घायल हो चुके है किंतु कम्पनी या विभागीय स्तर पर कोई देखने वाला नही है

**चौराहो का अस्तित्व हो रहा समाप्त :** अमरपाटन नगर में निर्माणाधीन सड़क के साथ चौराहो का भी विकास होना चाहिये था जनता को ये उम्मीद थी कि सड़क चौड़ीकरण होने के साथ साथ रामनगर तिराहा सतना चौराहा रेस्ट हाउस चौराहो पड़क्का औद्योगिक क्षेत्र चौराहा का कायाकल्प कर सौदर्यीकरण हो सकेगा किन्तु लोकनिर्माण विभाग तथा नगर परिषद अमरपाटन के कुप्रबंध के चलते अब अमरपाटन के इन सभी प्रमुख चौराहो का आस्तित्व समाप्ति की ओर जा रहा है और शायद यहाँ के जन प्रतिनिधि इस बात से अनजान बनकर गहरी निद्रा में है

**हरियाली को लगा ग्रहण:** झिंना नाला बायपास से लेकर रीवा रोड बायपास तक चौड़ीकरण किये जाने हेतु सड़क किनारे लगे पेड़ो की कटाई की जानीं थी जिनमे ऐसे पेड़ो तक को काट दिया गया जिनसे रोड काफी दूर थी लेकिन फिर भी इन पेड़ों को काटकर हरियाली को नष्ट किया गया तथा लोकनिर्माण विभाग और ठेका कम्पनी की लापरवाही की हद देखी जाय तो इनके द्वारा पेड़ तो कटवाए गए लेकिन उन्हें काटने के बाद कुछ पेड़ो को सड़क किनारे ही छोड दिया गया जिसे लोग अपने घर ले गए और जो नही उठाये जा सके वह ठंड में आग तापने के लिए उपयोग कर लिए गए जिससे शासन के राजस्व का नुकसान हुआ है

**सड़क बनते ही बस ऑटो और ठेले लग गए :** वही एक ओर रीवा रोड में जहां सड़क बन कर तैयार हुई वहाँ पर ठेलेवालों ने कब्जा जमा लिया और आधी सड़क पर बस और ऑटो वालो का कब्जा रहता है जिससे आवागमन प्रभावित होता है तथा रोज भयंकर जाम की स्थिति निर्मित होती है जिसे प्रशासन द्वारा हटाने में दिलचस्पी नही दिखाई जाती जब कि बसों और ऑटो को बस स्टैंड में खड़ा होना चाहिये

# 22 लाख की लागत से बना स्वीमिंग पूल नहीं ले पाया मूर्तरुप

## पांच सालों से तैयार प्रारंभ हुये ही जहां तहां से दरकने लगा

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा बच्चों में तैराकी सीखनें की मंशा से नवाचार के चलते तत्कालीन कलेक्टर रोहित सिंह की पहल पर जिले में पहला स्वीमिंगपूल नगर परिषद के माध्यम से तैयार करवा कर इसमें पानी भर कर बच्चों को तैरना सीखनें के लिए लगभग 22 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण वार्ड क्रमांक 05 में पुजारी मुहल्ला में नाले के किनारे करवाया गया था। बरसात के दिनों में बाढ़ फिर मिट्टी धसकने के चलते इसमें आई दरारों के कारण गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़े हुए थे संबंधित ठेकेदार द्वारा इसको पुनः व्यवस्थित किया गया था लेकिन उसके बाद से यह स्वीमिंगपूल आज भी अपने उद्देश्य से भटककर बंद पड़ा हुआ है। अब पुनः जहां तहां से मुंह फाड़ने लगा है ।चूंकि नगर में पूर्व में रामघाट हनुमान घाट कुंडी घाट मुलुआ घाट और पुजारी मुहल्ला रिपटा नाले में बच्चे बरसात और ठंड के दिनों में जाकर जब कभी नहाते समय तैरना सीख लिया करते थे लेकिन समय की रफ्तार में बदलाव और नाले का अस्तित्व खत्म होने के कारण अब यह व्यवस्था ही खत्म हो गई है ।इस व्यवस्था को पुनः शुरू करने की महती आवश्यकता है। बच्चों में भी लगभग यह गतिविधियां भी अब खत्म सी हो गई है। कभी कभार घटित होने वाली घटनाओं जलस्त्रोतों में फंस जाने के चलते स्वीमिंगपूल तैरना सीखनें की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को भी इस दिशा में महती भूमिका निभाने के साथ बर्बाद हो रही इस राशि की उपयोगिता पर विचार कर इसे अमलीजामा पहनाने की दिशा में पहल जरूरी है।

# मुख्य सड़क पर बहता है निस्तार का गंदा पानी, आवागमन में हो रही परेशानी

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकापार से गंगई को जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क पर टेकापार में निस्तार का गंदा पानी बहनें से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। वहीं पानी भराव के चलते सड़क पर बड़ा गड्ढा बन जाने से छोटे दो पहिया वाहनों और नीचे चार पहिया वाहनों को निकलने में ज्यादा परेशानी हो रही है। चूंकि यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क के अंतर्गत आती है ।इसको तत्काल प्रभाव से पुलिया डालकर सुधारे जाने की महती आवश्यकता है ।इस मार्ग को बनने से जहां गंगई बिल्थारी गांव में आवागमन में सुविधा होती है तथा समय और दूरी दोनों बचते हैं।

# बड़ी दुर्घटना : दो बाइक आमने सामने टकराई, दोनों में एक-एक की मौत, दो घायलों में गुड्डू को जिला अस्पताल में किया गया भर्ती

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला दमोह



महेश दहिया मध्यप्रदेश रिपोर्टर

दमोह. जिले की पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मडिया देवीसिंह मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो बाइकों में सवार दो-दो लोगों में दो की मौत हो गई है और एक महिला और युवक घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है, दोनों घायलों में एक घायल की हालत गंभीर बताई गई है। वहीं दूसरी महिला की हालत ठीक है, मौके पर पहुंची थाना प्रभारी पटेरा सरोज ठाकुर और प्रधान आरक्षक रूपलाल सहित पुलिस ने पहुंचकर घायलों को तत्काल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि मृतकों में रनेह निवासी बाबूलाल पिता बाबा जोशी उम्र 60 वर्ष और पुत्र गुड्डू पिता बाबूलाल जोशी दोनों अपनी गाड़ी से पटेरा से रनेह जा रहे थे, जिसमें पिता बाबूलाल की मौत हो गई, वहीं गैसाबाद से पिपरिया जा रहे गैसाबाद निवासी नीलेंद्र पिता सीताराम अहिरवार उम्र करीब 33 वर्ष और पत्नी सविता में नीलेंद्र की घटना स्थल पर मौत हो गई. वहीं सविता को मामूली चोट आई हैं, पुलिस ने दोनों के शव सुरक्षित रखवा दिए गए हैं, पोस्टमार्टम कार्रवाई की जा रही है। वहीं गंभीर घायल गुड्डू जोशी को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में 108 से भर्ती किया गया है.

# मनुष्य जीवन में खेलों का खेलना निरंतन आवश्यक : प्रमोद चौधरी



**आयोजन कमेटी को प्रोत्साहन राशि के रूप में 11000 रुपए नगद एवं घड़ी वाली माता मंदिर पर एक संत भवन निर्माण की भी की घोषणा**

**मेहगांव बीते रोज मेहगांव क्षेत्र के गोरमी सर्किल में ग्राम पंचायत**

गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट

कचनाव कला में आयोजित वॉलीबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवं भोपाल कांग्रेस कमेटी ज़िला सह प्रभारी श्री प्रमोद चौधरी ने वालीबाल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित खेल खिलाड़ियों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा है कि मानव जीवन में खेलों का खेलने नितांत आवश्यक है जिससे हमारा शारीरिक मानसिक विकास तो होता ही है साथ ही प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है और खेलों को हमें पुरी भावनात्मक एवं भाईचारे के साथ खेलना चाहिए श्री चौधरी ने इस अवसर पर क्रिकेट टूर्नामेंट की आयोजन कमेटी के आयोजको को ?11000 रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए एवं वही स्थिति कचनाव कला घडी वाली माता मंदिर पर एक संत भवन कुटी निर्माण की संपूर्ण राशि अपनी ओर से जल्द देने की बात कही

# गांव में जलप्रदाय व्यवस्था नहीं, सुबह शाम पानी के लिए करनी पड़ रही मशक्कत

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



खेड़ाखजुरिया- गांव में जल प्रदाय की सुचारू व्यवस्था नहीं है। गांव में जो जल प्रदाय करने के स्त्रोत हैं,उन पर भी पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है । जिसके चलते आधे से अधिक जल स्त्रोत बंद अवस्था में रहते हैं । आंगनबाड़ी पास स्थित नलकूप से अधिकांश महिलाएं अपनी बढ़ती है वह विगत एक सप्ताह से बंद पड़ा हुआ है । जिसकी और पंचायत द्वारा किस प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है । जिसके कारण सुबह-शाम महिलाओं के अलावा पुरुषों व बच्चों को पानी के लिए कड़ी मशक्कत करना पड़ रही है । ग्रामीणजन एक किलोमीटर से अधिक दूरी से साइकिल या मोटरसाइकिल से पानी भरकर लाने को मजबूर है । इन दिनों ग्रामीणजनों को काफी परेशानियों का सामना करके पानी लाना पड़ रहा है। छोटे बच्चे भी साइकिल के ऊपर पानी के केन भरकर ले जाते देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से गांव में नियमित सुचारू जल प्रदाय की व्यवस्था करने की मांग की है ।

# शिशु मंदिर संस्कारों की पाठशालाः सरदार सिंह मेडा

**शिक्षा और स्वास्थ्य देश की पहली आवश्यकता-मोहनलाल खण्डेलवाल**



गंधवानी-सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी व उद्योगपति मोहनलाल खण्डेलवाल ने की कार्यक्रम उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के अभिभावक एवं गणमान्यजनों ने मंच से बताया शिशु मंदिर शिक्षा के साथ संस्कारो का बीजारोपण करता है साथ ही जिलापंचायत अध्यक्ष ने कहा शिशु मंदिर समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति है यहां सेवा के भाव से बच्चो को उचित शिक्षा दी जा रही है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहनलाल खण्डेलवाल ने शिशु मंदिर की तारीफ करते हुवे कहा आज हमारे देश मे शिक्षा और स्वास्थ्य दोनो आवश्यक है प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना लागू हुई है लेकिन आज भी इस योजना को जन जन तक पहूंचाना हमारा कर्तव्य जिससे वंचित जरूरतमंद को इसका लाभ मिल सके उन्होंने विद्यालय की जरूरी आवश्यकता की पूर्ति हेतु अपना सहयोग भी दिया समिति के मोहनलाल पाटीदार ने शिशु मंदिर योजना का बखान किया ततपश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां विद्यालय के भैया बहनों ने प्रस्तुत की बच्चो की धार्मिक एवं राष्ट्र प्रेम वाली प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया आकर्षक कार्यक्रम के लिए समिति सदस्यों ने विद्यालय के आचार्य एवं दीदियों को बधाई दी उक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य सोहन डावेल द्वारा दी गई ।

# कॉलेज में लोकनृत्य एवं भजन प्रतियोगिताओं का आयोजन

## आंनद उत्सव अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो.9977365001**





आनन्द उत्सव 2025 के अवसर पर नगरपालिका श्योपुर द्वारा आज शासकीय पीजी महाविद्यालय श्योपुर में लोक नृत्य एवं लोक गीत, प्रतियोगिताओं के साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा श्री संजय जैन ने की। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी श्री राजीव कुमार गुप्ता, प्रोफेसर श्री विपिन बिहारी शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संजय मंगल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती मिथलेश तोमर, श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, प्रोफेसर डॉ सीमा चौकसे, सुश्री ज्योति शुक्ला, श्री लक्ष्मीकांत राय, डॉ रमेश भारद्वाज, श्री आदित्य चौहान, श्री गौरव बंसल, श्री कृष्ण गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

नगरपालिका के तत्वाधान में आंनद उत्सव अंतर्गत आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में पारूल सोनी ने प्रथम, रजनी माहौर ने द्वितीय तथा वंदना बैरवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में यशस्वी चौहान प्रथम तथा अमेय विक्रमा चौहान द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर आयोजित भजन प्रतियोगिता में बृजबाला नागर प्रथम, ईश्वरचंद वैष्णव द्वितीय एवं प्राची सिंह तृतीय स्थान पर रही।

मुख्य अतिथि श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आंनद उत्सव अंतर्गत पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार वितरण किये गये। कबड्डी युवा वर्ग में विजेता टीम पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं उप विजेता महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल बगवाज, कबड्डी युवती वर्ग में विजेता रही पीजी कॉलेज श्योपुर की टीम को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इसी प्रकार खो-खो प्रतियोगिता युवा वर्ग में विजेता टीम जिला खो-खो संघ श्योपुर एवं उप विजेता रही चंबल वॉरियर्स तथा युवती वर्ग में विजेता टीम चंबल वॉरियर्स एवं उप विजेता टीम पीएमश्री कॉलेज श्योपुर को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। रस्साकशी प्रतियोगिता अंतर्गत युवक वर्ग में विजेता रही पीएम श्री कॉलेज की टीम एवं उप विजेता टीम जिला रस्साकशी संघ श्योपुर, युवती वर्ग में विजेता टीम चंबल वॉरियर्स एवं उप विजेता टीम पीएमश्री कॉलेज में शामिल खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। इसी प्रकार सामान्य वर्ग के लिए आयोजित चेयर रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करने के लिए आशिमा पारिक, द्वितीय स्थान के लिए डॉ दीपक कुमार शर्मा एवं तृतीय स्थान के लिए रिंकू जाटव तथा दिव्यांग वर्ग के लिए आयोजित चेयर रेस प्रतियोगिता में विजेता सद्दाम खान तथा द्वितीय स्थान पर रहें जितेन्द्र राव को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भेंट किये गये।

# मऊगंज सिविल हॉस्पिटल का मामला : डॉक्टरों की गैरमौजूदगी पर सवाल!

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



मऊगंज जिले के सिविल हॉस्पिटल से एक बार फिर लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। अस्पताल में बच्चों को दिखाने आए मरीजों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर नियमित रूप से अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते। स्थानीय लोगों ने विशेष रूप से डॉक्टर मंसूरी का नाम लिया, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वह अपने निजी क्लिनिक में मरीजों का इलाज करते हैं और सिविल हॉस्पिटल में उपलब्ध नहीं रहते। अस्पताल आए मरीजों ने बताया कि उन्हें बच्चों के इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। एक मरीज माँ ने कहा- जब हम अस्पताल आए तो हमें बताया गया कि डॉक्टर मौजूद नहीं हैं। यह स्थिति बार-बार होती है। अस्पताल के डॉक्टर अपनी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज कर रहे हैं और मरीजों को इधर-उधर भटकने पर मजबूर कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर मंसूरी सिविल हॉस्पिटल में अपनी जिम्मेदारी निभाने की बजाय अपने निजी क्लिनिक पर समय देते हैं। यह स्थिति ना केवल अस्पताल की सेवाओं को कमजोर कर रही है, बल्कि मरीजों के विश्वास को भी तोड़ रही है। घटना के बाद भी अस्पताल प्रशासन की ओर से इस पर कोई बयान या कार्रवाई नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ अभिभाषक प्रदीप भटनागर की माता कृष्णा देवी भटनागर का 95 वर्ष में निधन

**दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**



**आलोट।** वरिष्ठ अभिभाषक प्रदीप भटनागर की माता कृष्णा देवी भटनागर का 95 वर्ष ने बुधवार को निधन हो गया।अंतिम संस्कार पुत्र आनंद भटनागर तथा पौत्र कपिल के दुबई से लौटने के बाद गुरुवार को सुबह होगा। कृष्णा देवी भटनागर आलोट कन्या प्रावि एवं मावी में शिक्षिका रही तथा अपने जमाने की जानीमानी सामाजिक कार्यकर्ता,तथा छात्राओं में अपनी स्पष्ट शैली के कारण जानी जाती थी। गुरुवार को प्रात: 10 बजे बस स्टेंड स्थित निवास से अंतिम यात्रा निकलेगी, जहां पुत्र प्रदीप, आनंद, पौत्र कपिल, कियान नक्षत्र मुखाग्नि देंगे।

### सोनकच्छ नगर के ग्राम सांवेर श्री खेड़ापति मंदिर से निकाली गई प्रभात फेरी

सोनकच्छ नगर के ग्राम सांवेर श्री खेड़ापति मंदिर से निकाली गई प्रभात फेरी का किया स्वागत श्री खेड़ापति भक्त मंडल सांवेर सोनकच्छ समाज जन ने किया स्वागत हनुमान मंदिर में आज शाम 6.00 बजे मारुति रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड किया जावेगा सत्य सनातन धर्म की पोस्ट करने वाले श्री मुकेश जी जोशी और प्रभात फेरी के सभी साथियों का किया गया विशेष अतिथि के रूप में लव चंद दास श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी श्री नवीन जी जोशी सत्यनारायण लाठी प्रदेश उपाध्यक्ष वैष्य सम्मेलन तहसील अध्यक्ष सुरेश चंद्र भुतडा महामंत्री संजय सेठी नेत्रदान समिति के अध्यक्ष हम चंद अग्रवाल महिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने इस कार्यक्रम में सत्य सनातन धर्म को मजबूत करने की सभी प्रभात फेरी वालों का किया सम्मान प्रमाण पत्र देकर श्री मुकेश जी जोशी सम्मानित किया गया परमानंद जी जाट बाबूलाल जी जाट अशोक राठौर ईश्वर सिंह राजपूत छतर सिंह राजपूत भंवर सिंह पिंकेश मिश्रा जीवन सिंह नायक स्व सिंह राजपूत विनोद शर्मा धन सिंह राठौड़ पवन मकवाना श्रीराम पाटीदार घनश्याम विक्की बंजारा बालारामजाट सभी साथियों के द्वारा श्री खेड़ापति भक्त मंडल मंदिर सांवेर द्वारा लगातार प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

# सीधे गांव पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने मृतकों के परिजनों

## और घायलों के बैंक एकाउंट में डल वाई आर्थिक मदद की राशि



**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**सीहोर।** संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक सुदेश राय द्वारा मंगलवार को ग्राम गोपालपुर पहुंचकर पीलूखेड़ी हादसे में मृत दो श्रद्धालु महिलाओं के परिजनों और घायलों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा स्वीकृत आर्थिक मदद की राशि सीधे बैंक एकाउंट में प्रदान कराए गई, तो वही विधायक सुदेश राय ने सुल्तानपुरा में करंट लगने से मृत हुए ग्रामीण के घर पहुंचकर सात्वना देकर परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने की बात भी कहीं। विधायक सुदेश राय ने कहा की मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के सुखदुख में हमेशा सहभागिता निभाती है। उन्होने कहा की प्रदेश के अति गंभीर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बीते दिनों पीलूखेड़ी हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद स्वीकृत कर दी थी।

बीते दिनों कुरावर-श्यामपुर मार्ग पर ग्राम पीलूखेडी लाल बंगला के पास हाइवे पर हुए हादसें में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर तहसील श्यामुपर निवासी कृष्णा बाई पति लक्ष्मणसिंह ठाकुर और सुकमा बाई पति रामदयाल मेवाडा की मृत्यु हो गई थी इसी प्रकार संगीता मेवाडा पति रामनारायण मेवाडा, कलावती पति हुकुम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए गई थी और शारदा मेवाडा पति राधेश्याम मेवाडा, फुलकुंवर पति रमेश घायल हो गए थे। विधायक सुदेश राय के अनुरोध पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मृतकों के लिए दो दो लाख रूपये गंभीर घायलों के लिए 50 हजार 50 हजार और मामूली घायलों के लिए 25 हजार 25 हजार रूपये की आर्थिक मदद मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान शाखा से स्वीकृत की है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल मझेड़ा,पुर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश कुमार लालू बना,श्याशपुर मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, देवीपुरा मंडल अध्यक्ष प्रीतम गौर,आजाद गुर्जर,भवानी मेवाड़ा धर्मेंद्र बैरागी, ईश्वर पचोरी, भगवान सिंह गुर्जर आदि भाजपा नेता कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई शोभा यात्रा

## आज किया जाएगा सती चरित्र का वर्णन

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर।** हर समय सत्कर्म करते रहना चाहिए। अच्छे कर्म की जो सुगंध होती है वह श्रेष्ठ होती है। भगवान पद दे, प्रतिष्ठा दे, धन दे, वैभव दे, सत्ता दे, कुर्सी दे, आपकी शोहरत, आपका नाम दे तो प्रयास करना अपनी जिंदगी में ऐसे कर्म करके जाना कि लाखों लोगों की प्रेरणा का एक स्त्रोत बन जाए। पद, प्रतिष्ठा, धन, वैभव, शोहरत, सुंदरता का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। भगवान ने अगर आपको कुछ दिया है तो उसमें अहंकार नहीं आना चाहिए। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार से आरंभ हुई पांच दिवसीय शिव महापुराण के पहले दिन कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने कहे। कथा के पहले दिन आस्था और उत्साह के साथ शहर के बड़ा बाजार स्थित प्राचीन सत्यनाराण मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई थी। जिसमें क्षेत्रवासी शामिल थे। अनेक स्थानों पर यात्रा में शामिल पंडित श्री मिश्रा का पुष्प वर्षाकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि चंचुला नाम की स्त्री को जब संत का संग मिला वह शिव धाम की अनुगामिनी बनी। एक घड़ी के सत्संग की तुलना स्वर्ग की समस्त संपदा से की गई है। भगवान शिव भी सत्संग का महत्व मां पार्वती को बताते हुए कहते हैं कि उसकी विद्या, धन, बल, भाग्य सब कुछ निरर्थक है जिसे जीवन में संत की प्राप्ति नहीं हुई। परंतु वास्तव में सत्संग कहते किसे हैं। सत्संग दो शब्दों के जोड़ से मिलकर बना यह शब्द हमें सत्य यानि परमात्मा और संग अर्थात् मिलन की ओर इंगित करता है। परमात्मा से मिलन के लिए संत एक मध्यस्थ है, इसलिए हमें जीवन में पूर्ण संत की खोज में अग्रसर होना चाहिए, जो हमारा मिलाप परमात्मा से करवा दे। भक्ति के बिना जीवन अधूरा है, लाखों योनियों में सबसे सुंदर शरीर मनुष्य का है, भगवान के आशीर्वाद के बिना मनुष्य जीवन प्राप्त नहीं होता भगवान शिव का संपूर्ण चरित्र परोपकार की प्रेरणा देता है। भगवान शिव जैसा दयालु करुणा के सागर कोई और देवता नहीं है।

# नगर परिषद रामनगर में पात्र हितग्राही आवास योजना के लाभ से हुए बंचित

## लाभार्थी विवरण सूची में आधार नम्बर डालने पर आती है मोबाइल में ओटीपी

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**रामनगर मैहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश शिवराज वा मोहन यादव सरकार ने हर गरीब को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक गरीब को मिले इसका संकल्प लेते हुए करोड़ आवास गरीबों को वितरण किया गया पर शायद रामनगर नगर परिषद के कर्मचारी उनके सपनों को कालक पोतने का काम कर रहे हैं। गरीबों को आवास के नाम पर पैसों की मांग की जाती है यदि गरीब धन देने में असमर्थ है तो उसको सरकारी आवास योजना का लाभ देने से वंचित कर दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला मैहर जिले के रामनगर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 राम अवतार प्रजापति का सामने आया है जहां पर नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा 9000 रुपया राम रावतार प्रजापति से लिया गया है?। हितग्राही लाभार्थी विवरण में आज भी उसी के मोबाइल नम्बर में ओटीपी आती है। लेकिन आवास योजना का लाभ सुखलाल कोल को दिया गया। राम अवतार प्रजापति के पड़ोस के भी लोगों ने आवास योजना का लाभ न मिलने पर नगर परिषद कर्मचारी के ऊपर आरोप लगाया। कि पैसा ना देने के कारण सूची से आधार नम्बर और नाम हटा दिया जाता है। कई बार फॉर्म भरने के बाद भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला ।मजदूरी एवं टूटा फूटा घर होने के बावजूद भी आवास योजना के लाभ ऐसे कई गरीब बंचित है।

# सड़क निर्माण में रखड़ युक्त सीमेंट, एवं मिट्टी युक्त गिट्टी, रेत की जगह डस्ट का उपयोग

## 6 करोड़ की लागत से कांटी से वाया सेमरी, कोलगढ़ सड़क का होना है निर्माण

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**





**रीवा मंनगवा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा 6 करोड रुपए की लागत से 9 किलोमीटर काटी, सेमरी वाया कोलगढ़ रोड निर्माण कराया जाना है जिसमें ठेकेदार द्वारा रखड़ युक्त सीमेंट, मिट्टी युक्त गिट्टी, एवं घाटिया सामग्री का उपयोग कर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है सड़कों पर मिट्टी डालने के बाद सही तरीके से कंपैक्टिंग नहीं कराई गई जल्दी उसके ऊपर घटिया गिट्टी डाल दी गई जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं जहां एक और सड़क निर्माण में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है वहीं ग्रामीणों में आक्रोश है की बनने के चंद दिनों बाद ही सड़कों की बुरी हालत हो जाएगी क्योंकि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है शासन के गाइडलाइन के अनुसार ना तो सीमेंट का उपयोग किया जा रहा ना ही गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है यहां तक की जो पुलिया निर्माण भी किया गया है उन पर भी घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है

**कंक्रीट सड़क निर्माण में गुणवत्ता विहीन सामग्री का प्रयोग :** ठेकेदार द्वारा जहां कंक्रीट सड़कों का निर्माण करना है वहां भी रखड युक्त सीमेंट, रेत की जगह डस्त का उपयोग किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर शासन के मानक अनुरूप कंक्रीट सड़कों का निर्माण भी नहीं किया जा रहा जिससे बनने के बाद ही सड़क उखाड़ने लगेगी राखड युक्त सीमेंट उपयोग करने से सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं जबकि शासन के निर्देश है की कम से कम सड़क निर्माण करने के बाद 5 वर्ष तक सड़क की परफॉर्मेंस होनी चाहिए फिर भी ठेकेदार द्वारा शासन की गाइडलाइन को दरकिनर करते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा

### कार्यालय भृत्य की संविदा आधार पर नियुक्ति के लिये 29 जनवरी से 13 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित




**मारूति लाल विश्वकर्मा**

**छिन्दवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय छिन्दवाडा के अंतर्गत स्थापित कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लिए कार्यालय सहायक के 02 पद, रिशेप्सनिस्ट-कम डाटा एंट्री आपरेटर के 01 पद तथा कार्यालय भृत्य के 01 पद पर संविदा आधार पर 01 वर्ष के लिये नियुक्ति किये जाने के लिये इच्छुक उम्मीदवारों से 29 जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 को शाम 05:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इन पदों के लिये नियुक्ति परीक्षा/साक्षात्कार के द्वारा की जायेगी। योग्यता संबंधी एवं अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा, जिला एवं सत्र न्यायालय छिन्दवाड़ा, जिला अधिवक्ता संघ छिन्दवाड़ा, तहसील न्यायालय अमरवाड़ा, हर्रई, जुन्नारदेव, तामिया, परासिया, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा तथा कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कांग्रेस की महू में जय बापू जय भीम जय संविधान रैली का आयोजन 27 को

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी, सांसद श्रीमती प्रियंका जी के मुख्य आतिथ्य, देश और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आगामी 27 जनवरी, 2025 को डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की जन्मस्थली महूं से ''जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान'' रैली के आगाज किया जा रहा है ।कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने कहा है प्रदेशव्यापी कार्यक्रम में प्रदेश भर से लाखों की संख्या में कार्यकर्ता और संविधान को मानने वाले अनुयायी शामिल होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी ने मध्य प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को पत्रकार वार्ताएं आयोजित करने के निर्देष जारी किये हैं। बुनियादी तौर पर हमारा संघर्ष विचारधारा का है। बाबा साहेब ने हमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, विचार की अभिव्यक्ति, विश्वास की अभिव्यक्ति, धर्म और उपासना की प्रतिष्ठा और गरिमा बनाये रखने के लिए संविधान का स्वरूप दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी संविधान को शिरोधार्य कर भारत को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 17 दिसम्बर 2024 को संसद में जाति भेदभाव के खिलाफ अंबेडकर जी के प्रयासों का मजाक उड़ाते हुये बाबा साहेब का अपमान किया, जिससे करोड़ों की भावनाऐं आहत हुई कांग्रेस के हर वरिष्ठ नेता, देश भर का कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता और संविधान के अनुयायी दृढ़संकल्पित होकर जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान में पूरे उत्साह के साथ शामिल होगा और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर संविधान और बाबा साहेब का अपमान करने पर सार्वजनिक रूप से मांफी मांगने के लिए उन्हें विवश करेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जफ़र लाला, जीत राजपूत, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, आशीष गहलोत, प्रीतम चौरसिया, सुनील दुबे, सीताराम भारती, ईश्वर ठाकुर, पंकज शर्मा, चीनू ठाकुर, कमलेश चांडक, गजराज परमार, यश यादव, शुभम सक्सेना, अरुण मालवीय, जय सिंह भारती आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 100, 200 एवं 400 मीटर दौड में मुस्कान गुर्जर एवं ज्योति पटेलिया बनी विजेता

## कबड्डी सीनियर वर्ग में केजीबी एवं जूनियर वर्ग में केएसपी की टीमे जीती

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजनांतर्गत बालिकाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ढेगदा खेल परिसर में महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय, सहायक संचालक श्री रिशु सुमन, खेल विभाग से श्री आशीष दुबे, कोच श्री डेलन तुमराची, खेल परिसर के पीटीआई श्री रमेश बाथम, श्री महाराज पचौरी एवं श्री देवेन्द्र सिह सिकरवार सहित विभिन्न स्कूलो के शिक्षक, छात्रावासो के अधीक्षक आदि उपस्थित रहें। ढेगदा खेल परिसर में आयोजित 100 मीटर दौड के सीनियर वर्ग में मुस्कान गुर्जर प्रथम, पूनम प्रजापति द्वितीय एवं चेलसी शर्मा तृतीय स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में ज्योति पटेलिया ने प्रथम, ललिता पटेलिया ने द्वितीय एवं लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड स्पर्धा के सीनियर वर्ग में मुस्कान गुर्जर ने प्रथम, उपासना धाकड ने द्वितीय





एवं आरती सुमन ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में ज्योति पटेलिया प्रथम, जमुना पटेलिया द्वितीय एवं ललिता पटेलिया तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर मुस्कान गुर्जर, द्वितीय स्थान पर उपासना धाकड एवं तृतीय स्थान पर पूनम प्रजापति तथा जूनियर वर्ग में ज्योति पटेलिया प्रथम, काली पटेलिया द्वितीय एवं ललिता पटेलिया तृतीय स्थान पर रही।

इसी प्रकार लम्बीकूद प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में पूनम प्रजापति ने प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान पर उपासना धाकड एवं मुस्कान बैरवा रही। जूनियर वर्ग में जमुना पटेलिया ने प्रथम, ज्योति पटेलिया ने द्वितीय एवं दिव्या राठोडिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। कबड्डी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की टीम विजेता रही, जबकि पीजी कॉलेज की टीम उप विजेता रही। जूनियर वर्ग में कन्या शिक्षा परिसर की टीम विजेता बनी तथा सीएम राईज श्योपुर की टीम उप विजेता रही। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ओपी पाण्डे ने बताया कि आज 23 जनवरी को प्रात: 10 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर गार्डन में चित्रकला, भाषण, लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। उन्होने जानकारी दी कि 24 जनवरी को खेलकूद एवं चित्रकला, भाषण आदि प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मेधावी छात्राओं के साथ ही विभिन्न क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

**सीईओ जिला पंचायत ने ली सेल्फी :** राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी के उपलक्ष्य में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अंतर्गत जागरूकता के उद्देश्य से सेल्फी प्वांइट लगाया गया था, जहां सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सेल्फी ली गई एवं बालिकाओं के संरक्षण एवं सुरक्षा के संबंध में आयोजित शपथ पर हस्ताक्षर किये गये।

# जनादेश परब में विश्वास के एक वर्ष हुए पूर्ण - सौभाग्यवती सिंह कुसरो, भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी व जवाबदेह शासन के लिए प्रतिबद्ध : देवेन्द्र तिवारी

## निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बंपर जीत दर्ज कर भाजपा पुनः मनाएगी जनादेश पर्व - कृष्ण बिहारी जायसवाल

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**कोरिया।** आज दिनांक 22 जनवरी को भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में प्रदेश आह्वान व भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी कोरिया द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया । जिस प्रेसवार्ता को मुख्य वक्ता के तौर पर बैकुंठपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री मति सौभाग्यवती कुसरो व भाजपा कोरिया के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने संबोधित किया।




**जनादेश परब में विश्वास के एक वर्ष हुए पूर्ण - सौभाग्यवती सिंह कुसरो :** कोरिया जिले के भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार मूलत: उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के वन नेशन वन एलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं।

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे विकास का नया अध्याय :** इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का कांग्रेस ने लिखा था अध्याय :** प्रेसवार्ता की मुख्य वक्ता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री मति सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने आगे कहा कि चुनाव सिर्फ नगर निगमों में प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शहरों के भविष्य को सँवारने और हर नागरिक के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध कल सुनिश्चित करने का मौका है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। छत्तीसगढ़ में पिछले पाँच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है।

**13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति :** खराब सीवेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैल रही थी। विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूँकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है।

# दुबेरा गांव के किसानों को परेशान करना बंद करें वन विभाग : नरेंद्र सिंह चौधरी

## कलेक्टर महोदय के नाम जिला पंचायत सीईओ एवं वन मंडल अधिकारी कूनो को दिया ज्ञापन

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि विजयपुर तहसील के गांव दुबेरा जो आजादी के समय से ही बसा हुआ है एवं वहा के निवासी खेती कर अपना ओर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन कुछ समय से वन विभाग कूनो वहां के किसानों को जबरन बेघर करने का प्रयास कर रहा है उनकी जमीनों को जबरन वन विभाग की जमीन बताकर किसानों को खेती से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि राजस्व विभाग के खसरों मे किसानों के नाम भी अंकित है साथ ही भूमि पर विद्युत कनेक्शन सिंचाई पंप कुएं आदि हैं इस संबंध में पूर्व में भी ग्राम वासियों द्वारा इसकी आवाज वरिष्ठ



जनों तक पहुंचाइये लेकिन अभी तक कहीं भी संतोषजनक निराकरण होता नहीं दिखाई दिया अत: किसानों को उनकी जमीन पर काबिज बने रहने एवं उन्हे राजस्व रिकॉर्ड अनुसार जमीन पर काबिज रहने और वन विभाग द्वारा परेशान न किए जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की यदि समय रहते इसका निराकरण नहीं किया गया तो भारतीय किसान संघ एक लंबे आंदोलन के लिए रणनीति तैयार करेगा इस अवसर पर विष्णुधाकड़, रामसिंह , सियाराम,पाल, ठाकुरलाल, मुन्नालाल एवरनआदिवासी सरपंच ऊदल आदिवासी, गोपी आदिवासी, चंद्रशेखर, केदार, मिश्रीलाल, पूरन गुर्जर, जितेंद्र मीणा, रमेश, मूलचंद ढोटी, नरेंद्र सिंह, हरिशंकर पालीवाल एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# कुंडी टोल प्लाजा पर छूट दिए जाने ग्राम वासियों ने की मांग

## कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सर्विस रोड की सुविधा देने किया आग्रह

**बैतूल।** शाहपुर तहसील के ग्राम कुण्डी परिक्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच पर बने टोल प्लाजा से आवागमन में छूट दिए जाने की मांग को लेकर बुधवार को ग्राम पंचायत सरपंच वीरेंद्र सिंह उईके के नेतृत्व में ग्राम वासियों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामवासियों ने बताया कि नवनिर्मित टोल प्लाजा का कार्य ग्राम कुण्डी के परिक्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग में संचालित है, जो आगामी दिनों में प्रारंभ हो जाएगा। शासन की नीति व सरकार की मंशा अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर राजस्व की बढ़ोत्तरी के लिए टोल प्लाजा से आने और जाने वाले वाहनों से निर्धारित राशि का भुगतान लिया जाएगा। बगैर भुगतान के आवागमन की अनुमति नहीं होगी। सरपंच श्री उईक ने




बताया कि ग्राम कुंडी के आसपास 5 से 6 गांव है। इन ग्रामों के कृषक, ग्रामीणों को विद्युत कार्यालय, तहसील, एसडीएमआ, जनपद कार्यालय, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित अन्य कार्यों के लिए ग्राम कुंडी से शाहपुर आना-जाना पड़ता है। ऐसे में कुण्डी परिक्षेत्र में बने टोल प्लाजा पर ग्रामीणों को निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा। अधिकांश ग्रामीण कृषि तथा मजदूरी कार्य करते हैं। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कुंडी परिक्षेत्र में बने टोल प्लाजा से आवागमन में राशि में छूट दिए जाने की मांग की है।

**सर्विस रोड बनाए जाने की मांग :** इस दौरान ग्राम वासियों ने फोरलेन मगरडोह जोड़ से नवरंगढाना कुंडी तक सर्विस रोड बनाए जाने की भी मांग की। ग्राम वासियों ने बताया कि सर्विस रोड नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। इस अवसर पर श्रीमती सरस्वती देवराज धुर्वे, सरपंच वीरेन्द्र सिंह उईके, सुधाकर कोसी, शिवकुमार चौरे, नवील वर्मा विधायक मीडिया प्रभारी, बृजेश कवड़े पूर्व जनपद सदस्य, शंकर पंद्राम, अमरलाल धुर्वे दीपक जोशी मंगलेश मर्सकोले, चंदर इवने, श्रीपद वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सोनकच्छ नगर के ग्राम सांवेर श्री खेड़ापति भक्त मंडल सांवेर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकल गई प्रभात फेरी का किया स्वागत

सोनकच्छ के समाज जन ने स्वागत किया गया श्री खेड़ापति भक्त मंडल शाम 6.00 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य सनातन धर्म की पोस्ट करने वाले मुकेश जी जोशी और प्रभात फेरी के सभी साथियों का स्वागत किया गया विशेष अतिथि के रूप में लव चंद दास जी श्री खेड़ापति सरकार हनुमान मंदिर के पुजारी श्री नवीन जी जोशी सत्यनारायण लाठी प्रदेश उपाध्यक्ष सम्मेलन व तहसील अध्यक्ष सुरेश चंद्र भूतड़ा महामंत्री संजय शेट्टी नेत्रदान समिति के अध्यक्ष हम चंद्र अग्रवाल महिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने इस कार्यक्रम में सत्य सनातन धर्म सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया प्रफुल्ल शर्मा पाटीदार सुंदरकांड संगीत में किया गया भक्तों को अपने सनातन धर्म के लिए इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# बालिकाओं की साईकिल रैली को विधायक श्री मलैया ने हरीझण्डी दिखाकर किया रवाना

## बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने एवं 8 मार्च तक नए कार्यक्रमों के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम केआयोजन की शुरुआत जिला कलेक्ट्रेट परिसर से पूर्व वित्त मंत्री एवं वर्तमान दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बालिकाओं की साइकल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें लगभग 250 से अधिक किशोरी बालिकाओं द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर




से किल्लाई नाका होते हुए बस स्टेंड तक बाल विवाह के विरुद्ध नारे एवं तख्ती के माध्यम से सन्देश जिसमें बाल विवाह जैसी आदि जन जागरूकता करते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट में रैली का समापन किया गया। रैली में शहर परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बाल विवाह के विरुद्ध सन्देश दिए।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जयवंत सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ठाकुर, गौरव पटेल की मौजूदगी में बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रही। शाला की बालिकाएं, जिन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीति पर एक छोटी सी नाट्य प्रस्तुति से सभी की आखों में पानी भर आया। यह समाज को इस विषय पर सोचने पर मजबूर कर देने वाली लघु नाटिका थी ।

## बाराबंकी के मदारपुर चौराहे पे भीषण सड़क हादसा एक की मौत दो गंभीर जख्मी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान बाराबंकी, दिलीप तिवारी

**बाराबंकी।** कोठी थाना के मदारपुर चौराहे पे सड़क हादसे में ट्रक के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है वही दो गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज़ रफ्तार ट्रक ने बाईक सवारों को टक्कर मार दी।मृतक की पहचान मीरानगर निवासी राम तीरथ यादव(नेता दादा)के रूप में हुई है ।दुर्घटना उस समय पर हुई है जब वो केसरगंज से कोठी की तरफ जा रहे थे टक्कर इतनी जोरदार थी की राम तीरथ यादव की मौके पर ही मौत हो गयी स्थनीय लोगों ने मौके पर सूचना तुरंत पुलिस को दी।पुलिस मौके पे पहुँच गयी है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।घटना की सूचना से आस-पास के लोगों में और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी परिजनों की स्थित बेहद दयनीय बताई जा रही है पुलिस के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच की जा रही है और दोषी ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगीवाहि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उनका इलाज चल रहा है

# अमनदीप अस्पताल में डॉ. शशांक महाजन के साथ कैंसर के इलाज में प्रगति

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब

अमनदीप अस्पताल को यह जानकारी साझा करके खुशी हो रही है कि डॉ. शशांक महाजन, जो कि कैंसर की दूरबीन से होने वाली सर्जरी में माहिर हैं, ने काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह खाने की नली, बड़ी आंत, गर्भाशय, और गुर्दे में कैंसर के इलाज के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी करने में काफी अनुभव रखते हैं और इसने शुद्धता और मरीजों की देखभाल के लिए नए मानक निर्धारित किए हैं। एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक और वीडियो-असिस्टेड थोराकोस्कोपिक सर्जरीज़ (VATS) आधुनिक, सहज तकनीकें हैं, जो विभिन्न बीमारियों की पहचान और इलाज के लिए उपयोग की जाती हैं। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में छोटे-छोटे चीरे लगाकर खास तकनीकी उपकरण और कैमरा शरीर में डाला जाता है, जिससे पेट के अंगों तक सही पहुंच हासिल होती है। VATS में इसी तरीके से किया जाता है, जिससे फेफड़ों और छाती के कैंसर का इलाज कम से कम सदमे के साथ किया जा सकता है। यह तकनीक नौजवानों के लिए फायदेमंद है और 70 साल से अधिक उम्र के मरीजों के लिए भी



बहुत प्रभावशाली साबित होती है। इस तकनीक से हर किसी के जल्दी ठीक होने की उम्मीद की जा सकती है। डॉ. शशांक महाजन उन्नत सर्जिकल तकनीकों के लाभों को समझाते हैं- लेप्रोस्कोप का उपयोग करने से कैंसर सर्जरी में ऑपरेशन की सटीकता, कम दर्द, तेजी से ठीक होना और अस्पताल में रहने का समय कम हो जाता है। इस तरह इलाज प्रभावी और कीमत में सस्ते होते हैं। ये उन्नत तकनीकें कठोर प्रशिक्षण और विशेषज्ञता के साथ-साथ कौशल और निरंतर अपग्रेडेशन की मांग करती हैं। फिर भी ये मरीजों के लिए बेहतरीन फायदे प्रदान करती हैं, इलाज के दौरान और इलाज के बाद उनकी जिंदगी की गुणवत्ता को बढ़ाती हैं। डॉ. अवतार सिंह ने कहा, डॉ. शशांक महाजन की मिनिमल इनवेसिव कैंसर सर्जरी में विशेषज्ञता ने पंजाब के कैंसर रोगियों के लिए उम्मीद की किरण जगाई है। इस क्षेत्र में बहुत ज्यादा अत्याधुनिक कैंसर सुविधाएं नहीं हैं। यह हमारा प्रयास है कि हम मरीज-केंद्रित देखभाल प्रदान करें। उनके योगदान ने कैंसर की देखभाल को बदल दिया है, जिससे कठिन मामलों में भी बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। अमनदीप अस्पताल नवीनतम और सहज रूप से सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित रहता है, जिससे हर मरीज को डॉ. शशांक जैसे अनुभवी विशेषज्ञों की मार्गदर्शन में सर्वोत्तम इलाज मिल सके। अमनदीप अस्पताल ने 5 बेड से शुरू होकर अब 750 बेड तक का विस्तार किया है। अब इस अस्पताल में 170 से ज्यादा अनुभवी सर्जन और डॉक्टर हैं, जिन्होंने अब तक 5 लाख से अधिक जिंदगियों को बेहतर किया है।

# मनकापुर में सीताराम यज्ञ 25 जनवरी से चालू

## 111 कुण्डी सीताराम यज्ञ राम कथा का होगा चित्रण

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**बाड़ी।** बाड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत मनकापुर 109 ग्राम पंचायत में बड़ी ग्राम पंचायत मानी जाती है यहां पर धर्मस्य मेले का 25 जनवरी को शुभारंभ होगा इस धर्मस्य यज्ञ की तैयारी तीन महा पूर्व से आयोजन समिति एवं वानर सैना कार्यक्रम की तैयारी में



जुटी हुई है कई दिनों पूर्व यज्ञ स्थल का भूमि पूजन के उपरांत जन भागीदारी से आयोजित यह धर्मस्य मेला गांव के गौरवशाली इतिहास का साक्षी बनने जा रहा है। 111 कुण्डी यज्ञशाला को अंतिम रूप दिया जा रहा है इस धार्मिक आयोजन के लिए नगर में एक अलग ही तरीके का माहौल देखा जा रहा है इस यज्ञ की चर्चाएं गांव में हो रही है हर कोई इस मिनी कुंभ में भागीदार बनने को इच्छुक है लोगों की उत्सुकता सीताराम महायज्ञ में दर्शन की उत्सुकता देखने को मिल रही है यहां पर श्री राम के आदर्शों पर आधारित राम के आदर्श चरित्र पर राम कथा का आयोजन किया जाना है यज्ञ सूत्रधार एवं राम कथा के कथावाचक परम पूज्य देवी कन्द्रकलां जी एवं पं.कमल जी यहां पर रामचरितमानस की मनमोहक प्रस्तुति और चित्रण करेंगे गांव गांव और शहर के लोग इस आयोजन के साक्षी बनेंगे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर गुरुवार 23 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# विगत दो वर्षों से चालू बिजली लाईन (तार) चोरी करने वाले संगठित गिरोह के फरार चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल।** विगत एक वर्ष से थाना खैरहा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों (जंगल क्षेत्र) के चालू बिजली लाईन (तार) 11000 के.व्ही. को अज्ञात चोरों के द्वारा चालू लाईन को काटकर तार चोरी करने के शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिस पर अपराध पंजीबध्द कर अनुसंधान किया जा रहा था। उक्त चोरी के संबंध में सायबर सेल से तकनीकी सहायता लेकर व अनुंसंधान के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर साक्ष्य एकत्रित किये गये। जिसमें यह पाया गया कि ग्राम तुम्मीवर चौकी देवहरा थाना चचाई जिला अनूपपुर के नीरज बैगा, फुंदेलाल बैगा, लल्ला बैगा, दीपक बैगा, संजू बैगा, अनिल बैगा, गुरू बैगा, सुबेलाल बैगा एवं बंगवार कालोनी का दीपक कुमार चक्रवैस आदि लोग संगठित होकर घटना को अंजाम देते थे जिसके आधार पर 16 अक्टूबर 2024 को आरोपी 1- दीपक कुमार चक्रवैस पिता विजय बहादुर चक्रवैस उम्र 34 वर्ष निवासी रूंगटा कालोनी नई दफाई थाना अमलाई हाल बंगवार कालोनी थाना धनपुरी जिला शहडोल, 2- नीरज बैगा पिता केमला बैगा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर थाना चचाई जिला अनूपपुर, 3- संजू बैगा पिता




मेरमिया बैगा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर थाना चचाई जिला अनूपपुर, 4- गुरू प्रसाद बैगा पिता संतराम बैगा उम्र 22 वर्ष निवासी तुम्मीवर थाना चचाई जिला अनूपपुर, 5- अनिल बैगा पिता स्व. लखन बैगा उम्र 21 वर्ष निवासी तुम्मीवर थाना चचाई जिला अनूपपुर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जो उपरोक्त आरोपियों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त आटो लोडर, मोटर सायकल, नायलोन का रस्सा, गड़ासा, चाकू, लकडी के दो गुटखा, चोरी गई बिजली के तार आदि बरामद कर कुल 400000 रूपये का मशरूका जप्त की गई।

**ऐसे करते थे तार चोरी**

आरोपियों के द्वारा नायलोन की रस्सा जिसमें कपड़ा लपेट कर एक भाग से दूसरे भाग रस्सा को फेंककर सभी फेस के तार को एक साथ खींचकर शार्ट शर्किट हो जाने के बाद कटर एवं चाकू, गड़ासा से लकड़ी की गुटखा में तार को रखकर काटकर तार को बंडल बनाकर आटो के माध्यम से चोरी कर राजा कबाडी निवासी अमलाई थाना चचाई जिला अनूपपुर एवं लाला ताम्रकार निवासी बुढ़ार थाना बुढ़ार जिला शहडोल को बिक्री करने की बात बताये गया। गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा पूछताछ में थाना सिंहपुर, बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई, केशवाही आदि थानों के विभिन्न क्षेत्रों में तार केबिल काटकर चोरी करने की बात स्वीकार किये है। इसके अतिरिक्त थाना पाली जिला उमरिया में घुनघुटी, मुंदरिया में नई रेल्वे लाईन की बंद लाईन के तार को अपने साथियों के साथ मिलकर काटकर चोरी करने की बात स्वीकार किये थे।

**आरोपियों को भेजा गया जेल**

मामले के फरार आरोपी 1- राजकुमार उर्फ लाला ताम्रकार निवासी बनियान टोला बुढ़ार 2- लल्ला बैगा पिता छोटेलाल बैगा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर चौकी देवहरा थाना चचाई जिला अनूपपुर, 3- दीपक बैगा उर्फ तोतरा पिता छोटू बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर चौकी देवहरा थाना चचाई जिला अनूपपुर, 4- फूनदे लाल बैगा पिता सहाइया बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर चौकी देवहरा थाना चचाई जिला अनूपपुर का लगातार फरार चल रहे थे। जिन्हें सोमवार को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल, तार को गलाने में उपयोग किए जाने वाले चीनी मिट्टी का घरिया, हाथ पंखा, लोहे की कर्चुला, सांचा, एवं नगदी रकम ?2500 जप्त किया गया एवं मंगलवार को जे.आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जहां से आरोपीगणों को जेल भेज दिया गया है। आरोपी फूनदे लाल बैगा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अनूपपुर जिला अनूपपुर से मशीनिस्ट ट्रेड से तथा आरोपी लल्ला बैगा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेनिबारी जिला अनूपपुर से वेल्डर ट्रेड से पढ़ाई किये है।

# पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार, मशरूका जप्त

**शहडोल।** मंगलवार को थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत ग्राम अंतरिया टोला, बुढ़ार में चोरी की सूचना प्राप्त हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद, थाना बुढ़ार पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। मंगलवार को बुढ़ार थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त चोरी के मामले में आरोपी गणेश केवट पिता रामदास केवट उम्र 42 साल को मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी उपरांत आरोपी से पूंछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम ने गहन जांच और त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुआ सामान (मशरूका) बरामद कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी का सामान - जिसमें (लाइट, तार 04 बंडल, एल.ई.डी. पार लाईट्स, फोकस लाइट व एल्यूमिनियम का गंजा) कुल कीमती 30,000 रु. बरामद किया गया है। आरोपी गणेश केवट



पिता रामदास केवट उम्र 42 साल, निवासी अंतरिया टोला, बुढ़ार, शहडोल को मंगलवार को बुढ़ार पुलिस द्वारा कस्बा बुढ़ार से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# किसानों का पंजीयन एवं उपार्जन के सफल संचालन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी कर रवि विपणन वर्ष 2025-26 के समर्थन मूल्य पर किसानों के पंजीयन कार्य एवं उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर कार्यालय शहडोल में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07652-2453 71 है तथा कंट्रोल रूम प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 तक चालू रहेगा। कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निराकरण करने हेतु कंट्रोल रूम प्रभारी प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन शहडोल, के सहयोग से कंट्रोल रूम में संलग्न कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी उपार्जन कार्य संपन्न होने तक लगाई गई है।

# गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन के संबंध में निर्देश जारी



**शहडोल। क**लेक्टर डॉ केदार सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त तहसीलदार एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला शहडोल को निर्देश जारी किए हैं कि रवि विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन का कार्य 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक किया जाएगा। इस हेतु जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव/रोजगार सहायक तथा जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय में तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों की सुविधा केंद्र में ड्यूटी लगाकर ई उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित कराए।



# महिला समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया आनंद मेला का अयोजन

**शहडोल।** जिला महिला समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में बुधवार को आनंद मेला का अयोजन किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला महिला समिति डॉ.केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने जिला महिला समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में आनंद मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया। आनंद मेला में लगाए गए कटोरी चाट, चना मसाला, मुगौड़ी की दुकान, आलू बड़ा सांभर बड़ा,गुलाब जामुन आदि की दुकानों के स्टालो का अवलोकन कर खाद्य प्रतिष्ठानों का स्वाद भी चखा। आनंद मेले के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों कि प्रस्तुति दी गई। आनंद मेले में उपाध्यक्ष जिला महिला सचिव श्रीमती रीतू श्रीवास्तव, सचिव जिला महिला समिति श्रीमती संगीता दुबे सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ केदार सिंह ने मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शुष्क दिवस 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस को समस्त देसी, विदेशी मदिरा भांग दुकान एफ एल 2, एफ एल 3, रिटेल आउटलेट, वाइन शॉप तथा देसी मद्यभांडागार, विदेशी मद्यभांडागार से मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूर्णत प्रतिबंध किया गया है। संबंधित वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक एवं लाइसेंसी उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

# पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारत्म्य में गोहपारु पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई। 04 मार्च 2024 को थाना गोहपारु अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर गोहपारु पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत गोहपारु पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर मंगलवार को नाबालिग बालिका को स्थानीय ग्राम मोहतरा, थाना गोहपारु, शहडोल से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# नगर लोहारदा में कीचड़ से निकाल कर स्कूल जाने को मजबूर नन्हे बच्चे

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से अंकित ठाकुर की रिपोर्ट**

**लोहारदा** सतवास तहसील के नगर लोहारदा कोटखेड़ा की सड़कों की हालत बहुत ही खराब हो रही है हालात यहां है कोटखेड़ा की सड़क में गड्ढे और नाली का पानी पानी भी रोड पर जा रहा है और कीचड़ मच गया है इसी कीचड़ और पानी के बीच से प्राइमरी स्कूल के बच्चों को रोजाना संघर्ष करते हुए स्कूल जाना पड़ता है कभी-कभी हालात यहां होते हैं की स्कूल जाते समय यह नन्हे बच्चे रोड पर गंदे पानी से मैच रहे कीचड़ में गिर जाते हैं और



उनके कपड़े खराब हो जाते हैं कपड़ों के अलावा उनकी महत्वपूर्ण किताबें और कॉपी भी पानी कीचड़ में खराब हो जाती है इससे वह परेशान है इसका समाधान नगर परिषद लोहारदा के द्वारा नहीं किया जा रहा है कई बार स्कूल नहीं जा पाते बच्चे कोटखेड़ा में जब भी बारिश होती है तो खराब नाली का पानी रोड पर निकलता है हालात यहां होते हैं कि बच्चों को घुटने तक पानी आ जाता है ऐसे में कई बार बच्चे इस गंदे पानी कीचड़ में फिसल कर गिर जाते हैं इससे स्कूल नहीं जा पाए

नगर वासियों की समस्याओ का नहीं हो रहा निराकरण कारण

यहां समस्या प्राइमरी बच्चों कि नहीं हे पूरे नगर वासियों की है नगर के लोगों लोगों को भी खराब सड़क और गद्दे व कीचड़ से हफ्तों से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है नगर वासियों का कहना है कि हमारे नगर लोहारदा में वर्तमान में कोई नगर अध्यक्ष न होने के कारण हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है नाही कोई ध्यान नहीं दे पा रहा है। वहां उपस्थित प्रधानाध्यापक मिश्रीलाल जी राधेश्याम जी शिक्षक और बच्चे व नगर वासी छगनलाल उईके दीपक ककोड़िया महेंद्र कमरे गोलू कर्मा कैलाश काजलिया पीयूष काजलिया आनंद कर्मा अजय कर्मा नितेश कर्मा अमर गुलरिया रोहित गुलेरिया दुर्गेश चावला उपस्थित थे



# नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों का फूल मालाओं से कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## हटा ब्लॉक स्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं ने एवं पदाधिकारियों ने अध्यक्षों का किया जोरदार स्वागत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेन्द्र पटैल**

**हटा** - भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की विशाल कार्यकर्ता मीटिंग का आयोजन 19 ,20 दिसंबर को पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम में ॠषियों के सिरमौर श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुई थी जिसमें विभिन्न कार्यकर्ताओं को नई जवाबदारियां सौपी गई जिस संबंध में हटा नगर में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शोभा से राजपूत के द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सालकराम पटेल एवं संगठन की महिला ब्लॉक अध्यक्ष ममता प्रजापति, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण रजक एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सेन , किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष जुगल किशोर पटेल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण प्रजापति महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष रीना नामदेव, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष छोटू अठ्या एवं समस्त पदाधिकारियों का जिला टीम संभागीय टीम एवं प्रदेश टीम के द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी अध्यक्षों को दिए गए मीटिंग में भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ.सुजान सिंह भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह देवी सिंह विनोद सिंह संजय पटेल सुरेश राय ओमवती आठिया एवं भारी संख्या में ब्लॉक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

# बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया -आत्मा कैसे परमात्मा के पास पहुंच सकती है

## असली गुरु भक्ति क्या है?

(उज्जैन)। सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने गुरु की सेवा के बारे में बताते हुए कहा कि हर कोई गुरु को खाना नहीं दे सकता, हर कोई गुरु के पैर नहीं दबा सकता। अगर चार लोग किसी के एक पैर पर दबाव डालें तो पैर का क्या हाल होगा? गुरु के आदेश का पालन ही असली गुरु भक्ति है। इसके अलावा सतसंग में आने से आपके शारीरिक कर्मों का नाश होता है। जो आर्थिक या मानसिक अपराध आपने किए हैं, उनकी भी सफाई होती है।

**पाप तीन प्रकार के होते हैं - मनसा, वाचा और कर्मणा:**

मनसा पाप - जब मन में किसी को मारने या कष्ट देने की भावना उत्पन्न होती है तो यह मनसा पाप कहलाता है।

वाचा पाप - जब मुंह से किसी को गाली देते हैं या मुंह से बोल कर मरवा-कटवा देते हैं तो वाचा पाप लगता है।

कर्मणा पाप - यह तब होता है जब हाथ-पैर से या शारीरिक अंगों से पाप किया जाता है। जैसे अगर किसी को चोट पहुंचाई या हत्या की तो यह कर्मणा पाप कहलाता है।



कलयुग में मनसा पाप की माफी हो सकती है

कलयुग में मनसा पाप को माफ कर दिया जाता है लेकिन कर्मणा पाप को काटने में मेहनत लगती है। उदाहरण के तौर पर, अगर लकड़ी के अंदर कीड़ा पड़ा है और आप उसे अनजाने में जला देते हैं तो यह पाप है, लेकिन यह क्षमा योग्य होता है क्योंकि आपने जान-बूझकर नहीं किया। इसी तरह, घर की सफाई करते वक्त छोटे-छोटे कीड़े मर जाते हैं तो यह भी पाप लगता है लेकिन वह भी क्षमा योग्य होता है। जब आप किसी भूखे को भोजन खिलाते हैं, प्यासे को पानी पिलाते हैं या सतसंग की बातें लोगों को बताते हैं तो यह पाप नष्ट हो जाते हैं। लेकिन कर्मणा पाप को नष्ट करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इसीलिए, शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेवा करनी चाहिए जिससे कर्मणा और मनसा पाप दोनों कट जाएं। जब आप कर्महीन हो जाएंगे तो आपकी आत्मा परमात्मा के पास पहुंच जाएगी और जिस काम के लिए मनुष्य शरीर मिला है, वह पूरा हो जाएगा।

# बलात्कार के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी को लेकर सड़कों पर उतरे भाजपाई

**सीतापुर।** बीते दिनों कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर नगर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। महिला ने इस बाबत पुलिस में शिकायत की थी पुलिस द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आरोपी सांसद को अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम अवसर दिया गया था। लेकिन जवाब देने के बजाय आरोपी सांसद की लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है इस बाबत भारतीय जनता पार्टी द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिला प्रभारी नीरज सिंह व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान राजेश वर्मा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की उपस्थिति में जिला पदाधिकारियो व हजारों की संख्या में जनसामान्य मातृशक्ति के साथ सड़कों पर उतरकर महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की गई इसी क्रम में उपस्थित जन समूह द्वारा लालबाग शहीद पार्क से होते हुए आंख अस्पताल के निकट अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा तक लोगों ने आरोपी सांसद की गिरफ्तारी के नारे लगाए एवं पार्टी नेताओं व जन सामान्य महिलाओं ने राकेश राठौर मुर्दाबाद के भी नारे लगाए। रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के निकट मातृशक्ति द्वारा बलात्कार के आरोपी सांसद राकेश राठौर का पुतला भी जलाया गया इस अवसर पर महिला शक्ति द्वारा पुतले को जूते की माला भी पहनाई गई हजारों की संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बताया कि एक तरफ कांग्रेस लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देती है तो वही अपने बलात्कारी सांसद राकेश राठौर पर उनकी चुप्पी कांग्रेस के दोहरे चरित्र का प्रदर्शन करती है क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने आरोपी सांसद



राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की जिला प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पर कांग्रेस हमेशा झूठे आरोप लगाती रहती है लेकिन अगर कांग्रेस में जरा सी भी नैतिकता शेष है तो वह अपने आरोपी सांसद पर चुप्पी तोड़े और उसके खिलाफ कार्यवाही में सिस्टम का साथ दे लेकिन कांग्रेस पार्टी से ऐसी उम्मीद करना बेमानी है क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा संविधान का विरोध किया है और ऐसे लोगों की पैरवी की है जो समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा की सिस्टम विधिवत तरीके से अपना कार्य कर रहा है उन्होंने आरोपी सांसद की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व वर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने कहा की बलात्कार के आरोपी सांसद राकेश राठौर की जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए और उनको न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार दंड भी मिलना चाहिए जिससे दोबारा नारी शक्ति के सम्मान से कोई खिलवाड़ ना कर सके वहीं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि एक तरफ कांग्रेस बड़ी-बड़ी बातें करती है संविधान की दुहाई देती है लेकिन अपने गिरेहबान में झांक कर नहीं देखती। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक महिला के साथ धोखा देकर उसका शारीरिक शोषण किया गया यह कतई बर्दाश्त करने योग्य नहीं है उन्होंने जल्द से जल्द आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग की और कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जमकर भर्त्सना की। इस अवसर पर बिसवां विधायक निर्मल वर्मा मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने भी आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की।इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे, सुधाकर शुक्ला संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर नीरज वर्मा झललर ,ललित श्रीवास्तव चंचल, संजीव गुप्ता टिंचू, इंदू सिंह चैहान, नैमिष रत्न तिवारी, पंकज मिश्रा, राजन गुप्ता, सचिन मिश्रा, रोहित सिंह जया सिंह शाहिद हजारों की संख्या में मातृशक्ति कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 03 ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार, चोरी की 06 बाइक बरामद

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवम् सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है।दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 22.01.2025 अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चन्द्र शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों विक्रम उर्फ बलराम पुत्र राजाराम निवासी महम्मदापुर थाना मानपुर सौरभ त्रिवेदी पुत्र कृष्ण त्रिवेदी निवासी मास्टर कालोनी महाराजागंज कस्बा व थाना बिसवाँ जनपद सीतापुर जंगली पुत्र डल्ला सिंह




निवासी मंडोर थाना सकरन जनपद सीतापुर को मधवापुर चैराहा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे कुल 06 अदद मोटरसाइकिल (01 अदद हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटर साइकिल, 01 अदद हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल, 01 अदद होण्डा एस पी 125 मोटरसाइकिल, 01 अदद टीवीएस मोटरसाइकिल, 01 अदद हीरो पैसन प्रो मोटरसाइकिल, 01 अदद हीरो होण्डा बरामद हुई है। बरामद मोटरसाइकिलों के विषय में अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि ये मोटरसाईकिल हमनें मिलकर जनपद सीतापुर, लखनऊ व लखीमपुर खीरी भिन्न- भिन्न स्थानों से चोरी की हैं जिनमें मोटरसाईकिल अपने साथी के साथ मिलकर करीब 01 सप्ताह पहले रोडवेज बस अड्डा सीतापुर के सामने से , मोटर साईकिल लगभग 4- 5 माह पहले इफ्को किसान सेवा केन्द्र मंगलम चैराहा संदना सीतापुर से, मोटर साईकिल हीरो होण्डा बिसवाँ बस अड्डा सीतापुर से, मो0सा0 लखनऊ से चोरी की थी। बरामद मोटर साईकिल सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर सीतापुर मे मु0अ0सं0 17/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस., मोटर साईकिल के सम्बन्ध मे थाना संदना पर मु0अ0सं0 322/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस., जनपद लखीमपुर से चोरी हुई मोटर साईकिल के सम्बन्ध मे थाना नीमगाँव जनपद लखीमपुर खीरी पर मु0अ0स0 201/2024 धारा 379 भा0द0वि0 तथा थाना बिसवां क्षेत्र से चोरी हुई मोटर साईकिल के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 29/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस. थाना बिसवाँ जनपद सीतापुर पर पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया जा रहा है।

## सीतापुर को धार्मिक क्षेत्र घोषित किया जाये : डॉ अम्मार रिजवी

# मुख्यमंत्री से प्रदेश के सात धार्मिक क्षेत्र घोषित जिलों में सीतापुर को भी शामिल करने के लिए किया निवेदन

**महमूदाबाद-सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ0 अम्मार रिजवी ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उनके द्वारा प्रदेश के सात जनपदों को धार्मिक क्षेत्र घोषित किए जाने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए उनको बधाई दी है और उम्मीद जाहिर की है कि प्रयागराज और वाराणसी के अतिरिक्त चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर एवं भदोही को भी इसमें शामिल किया गया है,? इन सबका अपना एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक इतिहास रहा है, इससे निश्चित रूप से इन जिलों के विकास को और गति मिलेगी। डॉ रिजवी ने अपने पत्र में इस बात पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सीतापुर



जनपद को इस प्रस्ताव में नहीं जोड़ा गया है जबकि सीतापुर में नैमिषारण्य और मिश्रिख जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल मौजूद हैं। नैमिषारण्य वह जगह है जहां पर हजारों वर्ष पूर्व वेद और पुराणों की रचना हुई थी। अयोध्या से गोस्वामी तुलसीदास जी, घाघरा नदी पार करके हमारे पूर्व क्षेत्र महमूदाबाद होते हुए नैमिष जाया करते थे। इसी सीतापुर में महर्षि व्यास जी की गद्दी है। मान्यता यह है कि पुराणों की रचना महर्षि व्यास जी ने इसी स्थान पर की थी। यहीं से उन्होंने ष्वसुधैव कुटुम्बकमष् का ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी नारा दिया था। सीतापुर में ही सर्वप्रथम श्री सत्यनारायण की कथा हुई थी। इसी जनपद के रामपुर-मथुरा में गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामायण का एक पूरा अध्याय लिखा है।डॉ0 रिजवी ने मा0 मुख्यमंत्री जी से अनुरोध किया है कि वह सीतापुर के पौराणिक एवं धार्मिक महत्व पर इस जनपद को भी धार्मिक क्षेत्र घोषित किए जाने पर विचार करें। इसके लिए समस्त सीतापुरवासी सदैव उनके आभारी रहेंगे।

## ऑफ लाइन आमंत्रित हो रहे आवेदन

**सीतापुर।** सहायक श्रमायुक्त उमेश कुमार ने बताया है कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों की कक्षा 06 से 12 तक नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालय, सिठौली कला, मोहनलालगंज, लखनऊ में संचालित किया जा रहा है, जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु कक्षा 06 में 140 सीटों (70 बालक एवं 70 बालिकाओं) एवं कक्षा 09 में 140 सीटों (70 बालक एवं 70 बालिकाओं) के प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र (ऑफलाइन) आमंत्रित किये जा रहें।

# बिसवां में है गोदाम सीतापुर से लेकर राजधानी तक पांव पसार रही मौत

## मौत के सौदागर जनता को पिला रहे जहरीली जाय हो सकती है मौत

**सीतापुर।** मौत के सौदागर किसी न किसी रूप से लोगो को अपना शिकार बनाने लगते है। मिलावटी खाद्य सामग्री इस समय मौत के सौदागरों के निशाने पर है। मौत के सौदागरों ने बड़ी ही होशिशरी के साथ बिसवां कस्बे में मौत का गोदाम बनाया फिर उसको सीतापुर के विभिन्न कस्बो सहित राजधानी लखनऊ में भी मौत का कारोबार करने लगे। टीम सक्रिय हुए तो मौत के कारोबार नकली चायपत्ती का कारोबार करने लगे। जो सीधे इंसान की सांसों पर असर डालती है और इंसान की मौत भी हो सकती है। एक सप्ताह के दौरान नकली चायपत्ती के सौदागर दो बार पकड़े जा चुके है। इसके बाद भी सौदागरों में मन में किसी प्रकार की कोई दहशत नही है और नकली चायपत्ती का कारोबार लगातार हो रहा है। इस कारोबार में एक से एक हस्थियां जुड़ी हुई है जो इस तरह का खेल केवल पैसा कमाने के चक्कर में खेल रही है। आंकड़ो पर गौर किया जाये तो पता चलता है कि महमूदाबाद के एक सभासद सैफ के घर से विगत बसुब एफएसडीए की टीम ने 60 किलोग्राम चायपत्ती का स्टॉक बरामद किया। टीम ने संदेह जताया कि इसमें नुकसानदायक रंग मिला हो सकता है। यह चाय सीतापुर, लखनऊ व आसपास के जिलों में बेची जा रही थीं। एफएसडीए की टीम ने इसे जब्त करते हुए एक नमूना जांच के लिए भेजा है।पांच दिन पहले लखनऊ में एसटीएफ व एफएसडीए की टीम ने फैजुल्लागंज में छापा मारकर बिसवां निवासी आरिफ के घर से 112 क्विंटल मिलावटी चाय पत्ती बरामद की थी। इस मिलावटी कारोबार में संलिप्त बिसवां के मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया था। इस घटना के बाद एफएसडीए की टीम बिसवां व महमूदाबाद इलाके में नजर बनाए थी।मंगलवार को नायब तहसीलदार महेंद्र नाथ तिवारी व खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र सोनकर ने महमूदाबाद नगर के कटरा मोहल्ले में ठाकुरपुर वार्ड के सभासद सैफ उर्फ अहसान के घर पर छापा मारा।इस दौरान 60 किलोग्राम चायपत्ती बरामद की गई। घर में पान बहार मसाले के 400 पैकेट भी बरामद किए गए। सैफ के पास चायपत्ती बनाने का कोई लाइसेंस भी नहीं मिला। एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने बताया कि सूचना मिली थी कि कटरा वार्ड में एक घर में मिलावटी चायपत्ती बेची जा रही है। बरामद सामग्री को सीज करते हुए नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अमित कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# अनिल कुमार बनाम आयुक्त की रिट पर आदेश पारित

**सीतापुर ।** उपजिलाधिकारी महोली ने जानकारी देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में विचाराधीन याचिका रिट सी-10147/2024 अनिल कुमार बनाम आयुक्त लखनऊ मण्डल, लखनऊ एवं अन्य में दिनांक 10.12.2024 को राजस्व ग्राम कैथा गाजीपुर परगना व तहसील महोली जनपद सीतापुर की खतौनी फसली वर्ष 1382 से 1390 तक को रिकंस्ट्रक्ट कराये जाने का आदेश पारित किया गया है, तत्क्रम में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, अनुभाग-4 लखनऊ के पत्र दिनांक 16.01.2025 में उक्त उल्लिखित खतौनी को रिकंस्ट्रक्ट द्वितीय प्रति बनाये जाने की अनुमति प्रदान की गई है।उन्होंने बताया कि उपरोक्त के आलोक में तहसीलदार कार्यालय महोली में उक्त ग्राम की विगत खतौनी फसली वर्ष 1379 से 1381 एवं सी0एच0 41 व सी0एच0 45 तथा नामान्तरण बही रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों से मिलान करके खतौनी फसली वर्ष 1382 से 1386 व 1387 से 1390 की रिकंस्ट्रक्ट द्वितीय प्रति पुर्नगठित की गयी है, पुर्नगठित की गयी खतौनी के ड्राफ्ट प्रारूप पर किसी प्रविष्टि इन्द्राज पर यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति खातेदार को कोई आपत्ति है तो विज्ञप्ति की तिथि से 07 दिवस तक अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित, कार्यालय तहसीलदार महोली कार्यालय उपजिलाधिकारी, महोली जनपद सीतापुर के यहां प्रस्तुत कर सकता है। इस अवधि में किसी भी कार्य दिवस में, कोई भी हितबद्ध व्यक्ति खातेदार तैयार की गयी खतौनी की प्रति का अवलोकन तहसीलदार कार्यालय, महोली में कर सकता है।

# जल निगम द्वारा लगाई जा रही पाइप लाइन में चल रहा घालमेल

**सिधौली- सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत के मोहल्लों में जल निगम द्वारा लगाई जा रही पाइप लाइन में हो।रहा घालमेल कही पर आरसीसी डाल कर बिछा रहे इंटर लॉकिंग तो कई डाल रहे केवल मिट्टी । नगर पंचायत के वार्डो (मोहल्लों) में प्रधानमंत्री की हर घर जलमयोजन के तहत सभी को सवक्ष पानी मिले जिसके लिए वर्तमान में सिधौली कस्बा के प्रत्येक सड़को पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है कार्यदाई संस्था द्वारा पाइप डालने के लिए खोदी गयउ सड़क को




बेहतर तरीके से नही सही किया जाता है जबकि सड़क खोदने व पाइप डालने के बाद सड़क को उसी प्रकार से पुन: उसी स्थिति में करने की जिम्मेदारी भी कार्यदाई संस्था की है। कही कहीं पर तो सड़क में आरसीसी भरने के बाद ऊपर तो इंटर लॉकिंग करते है तो कही कही पर बगैर इंटरलॉकिंग किये ही सड़क को मिट्टी से पाट देते है स्थानीय लोगो का कहना है कि बरसात में ये सड़के इतनी खराब हो जाएगी कि इनपर लोगो का चलना मुश्किल हो जाएगा । इस सम्बंध में ईओ रेणुका यादव ने बताया की जलनिगम द्वारा यह कार्य करवाया जा रहा आदर्श नगर पंचायत का इसमें कोई भी भागीदारी नही है इस संबंध में पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि जल निगम वालों को बुलाते हैं देखेंगे।

# सांसद सीतापुर के लिए माफिया तंत्र व सत्ता पक्ष द्वारा रचा गया षड्यंत्र : शव प्रकाश सिंह

## महिला आयोग की तरह पुरुष आयोग का भी गठन होना चाहिए

**सीतापुर।** सांसद राकेश राठौर द्वारा शासन और प्रशासन सहित चारों तरफ फैले माफिया राज के विरुद्ध जारी अभियान बहुत भारी पड़ा है!यह बात शिव प्रकाश सिंह राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी किसान मंच ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है!उन्होंने कहा कि यह कैसी विडम्बना है लोकतंत्र में सीतापुर जनता जनार्दन द्वारा शीर्ष सदन में अपनी आवाज बुलंद करने हेतु एक ऐसे व्यक्ति को भेजा था जो सदर विधानसभा से सत्ता पक्ष विधायक चुने जाने के बाद भी सच उजागर करने में प्रदेश व देश में शीर्ष पर विराजमान मा0मुख्यमंत्री और मा0 प्रधानमंत्री के झूठे बयानों के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की थी साथ ही सत्ता की चाटुकारिता न कर औपाने के कारण वहां नहीं टिक पाए!परंतु कांग्रेस द्वारा लोकसभा में प्रत्याशी बनने पर क्षेत्रीय जनता ने उनकी इस



कार्यशैली के चलते भारी बहुमत से लोकसभा के लिए सांसद चुना! दायित्व मिलने पर सांसद ने माफिया राज और भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान छेड़ा और प्रेस वार्ता करके शासन और प्रशासन को अपने इरादों से अवगत कराने पर खलबली मच गई!सभी ने एकजुट होकर षडयंत्र के तहत एक महिला द्वारा फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी!सभी को पता है वायरल वार्तालाप में महिला विगत पांच वर्षों से अपने शारीरिक शोषण की बात कर रही है!सोंचनीय प्रश्न यह है कि अभी तक चुप क्यों थी?और विवाहिता होकर अपने बच्चों के साथ पारिवारिक सुख भोग रही महिला वैवाहिक जीवन से बगैर अलग हुए दूसरी शादी का दबाव कैसे बना सकती है!न्याय हित में 100: में 001: इस तरह की कथित पीड़ित महिलाओं पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए!

# सरायन नदी के किनारों से हटाया जायेगा अवैध कब्जा डीएम ने जारी किये निर्देश



**सीतापुर ।** सरायन नदी के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला के दौरान सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान ने जनपद में प्रवाहित होने वाली सरायन नदी के जीर्णोद्धार हेतु विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जनपद की तीन तहसीलों महोली, सदर एवं सिधौली में सरायन नदी का लगभग 92 किलोमीटर का प्रवाह है। सदस्य विधान परिषद ने कहा कि नदी के दोनों ओर स्थित तालाबों की मानकों के अनुसार खुदाई कराई जाये। इसके साथ ही वृहद स्तर पर जल संचय करने वाले पौधों का रोपण भी कराया जाये। सदस्य विधान परिषद ने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह अत्यंत पुण्य का कार्य है, इसलिए सभी इसमें पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके स्तर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्देश दिए कि नदी के क्षेत्र एवं तालाबों का चिन्हांकन कराते हुए अवैध कब्जे तत्काल हटवाए जाये। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कार्ययोजना निर्धारित समयावधि में बनाकर प्रस्तुत की जाय। सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा नदी के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

# नर कंकाल की भयाली के रूप में हुई पहचान

## पहचान के साथ ही तालगांव पुलिस पर लगे गम्भीर आरोप

**सीतापुर।** करीब डेढ़ महीने पूर्व हुए वृद्ध का कंकाल विगत दिवस गन्ने के खेत से बरामुद हुआ है। जब खेत के भीषण बन्दबू आने लगे तो लोगो ने देखा कि यहां पर एक नर कंकाल पड़ा हुआ हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस के साथ क्षेत्रवासियों की भीड़ जमा हुई तब पता चला कि यह नर कंकाल भयाली नामक वृद्ध का है और यह वृद्ध करीब डेढ़ माह पूर्व घर से दवा लेने निकला था। पहचान कपड़ो के आधार पर की गई साथ ही पुलिस पर भी गम्भीर आरोप लगाये गये है। यह मामला पहले से ही गम्भीर था कंकाल बरामद होने से घटना बेहद पेचीदी हो गई है। घटना क्रम पर गौर किया गया जाये तो पता चलता है कि तालगांव थाना क्षेत्र में गौरियाझाल पुल के निकट खेत में मंगलवार को एक बुजुर्ग का



कंकाल मिला। परिजनों ने कपड़ों से पिता भयाली के रूप में पहचान करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। इसी लापरवाही के चलते बुजुर्ग की हत्या की दी गई। गौरियाझाल पुल के पास गन्ने के खेत में फसल काट रहे मजदूरों ने खेत के बीच में नर कंकाल देखा। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। आसपास के गांवों के लोग पहुंच गए। कोतवाली देहात के देना गांव निवासी अमरपाल ने कपड़ों से कंकाल की पहचान अपने पिता भयाली (75) के रूप में की। उन्होंने बताया कि पिता आठ दिसंबर को घर से दवा लेने के लिए रिखौना गए थेए तभी लापता हो गए। खोजबीन की गई लेकिन पता न चलने पर 21 दिसंबर को कोतवाली देहात में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी बीच एक जनवरी को पुत्र धनीराम ने कोर्ट में 173 (4) के तहत सीजेएम के यहां वाद कर दिया। उन्होंने गांव के ही चार लोगों पर आरोप लगाया कि आरोपियों से उनकी मुकदमेबाजी चल रही है। ऐसे में आशंका है कि उनके पिता को गायब कर दिया गया है। उन्होंने वाद में स्थानीय कोतवाली देहात पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। फिलहाल परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। तालगांव थानाध्यक्ष दीपक राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मामले को गम्भीरता से लिया जा रहा है जांच में जो तथ्य मिल रहे है उन्ही के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

## सपाईयों ने मनाई जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि

**मारुबेहड़ सीतापुर।** सपा कार्यालय रेउसा में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू की मौजूदगी में समाजवादी पुरोधा स्व0 जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि मनाई गयी। इस दौरान उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर महंत राजू दास द्वारा की गई टिप्पड़ी की निंदा करते हुए प्रेस नोट जारी कर प्रशासन से उनपर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव, अभिषेक पांडे, जिलापंचायत सदस्य तौकीर अहमद खां अल्लन, बाबूराम यादव, कैलाश राजपूत,अली अहमद, मोहम्मद उमर, शहाबुद्दीन, वीरेंद्र कुमार, नासिर हुसैन,श्रवण कुमार निर्मल, इलियास, शील कुमार, लतीफ, अब्दुल हाफिज, नूर मोहम्मद,हसीब खान सहित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम मंदिर की पहली वर्षगांठ : प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ श्री राम लला मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, जयकारों से गूंजी अयोध्या

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में बुधवार को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा व ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। श्रीरामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक



बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिवसीय आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन किया था। अब जब बारी आई 22 जनवरी की तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिये हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा। राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया।इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षास्त्रोत का जाप होगा। एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या को 6 जोन और 17 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। जोन में राजपत्रित अधिकारियों सेक्टर में सीओ लेवल के अधिकारी को तैनाती दी गई है। राजस्थान की विजयलक्ष्मी ने बताया कि उधर बालाजी और यहां रामलला की ही कृपा रही कि अच्छे से दर्शन मिल गया। उन्होंने बताया कि उनके साथ 17 लोगों का ग्रुप आया था। सभी हनुमान चालीसा पढ़ते हुए राम मंदिर में प्रवेश किये। 500 वर्षों बाद अयोध्या में रौनक लौटी है। सभी को दर्शन के लिए पहुंचना चाहिए।

# सीआईएसएफ रिजर्व बटालियन के लिए बेवाना में खोजी जा रही जमीन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की दो नई रिजर्व बटालियन के निर्माण को गृह मंत्रालय से मंजूरी मिली है। इसी के साथ जिले में सीआईएसएफ बटालियन की स्थापना की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए तहसील अकबरपुर क्षेत्र के बेवाना में जमीन मुहैया कराने के लिए सीआईएसएफ के अधिकारियों ने डीएम से मुलाकात कर पत्र सौंपा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने शीघ्र प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया है। नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) की विद्युत उत्पादन इकाई तहसील टांडा क्षेत्र में स्थित है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पास है। आने वाले समय में यहां गेल इंडिया समेत तमाम बड़ी इकाइयों की स्थापना के आसार हैं। सीआईएसएफ की ओर से जिले में रिजर्व बटालियन की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गई है।इसके लिए सीआईएसएफ के अधिकारियों ने डीएम अविनाश सिंह से कलेक्ट्रेट परिसर में मुलाकात की और पत्र सौंपा। इसमें सीआईएसएफ को पहले चरण में कुल प्रस्तावित भूमि 133.85 एकड़ में से 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता बताई गई है। इसके लिए तहसील अकबरपुर क्षेत्र के ग्राम बेवाना में जमीन मुहैया कराए जाने की मांग की गई है। डीएम से भूमि का अधिग्रहण प्रस्ताव मांगा है, जिसमें भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ जिला प्रशासन को उपयुक्तता प्रमाणपत्र व कई प्रकार की जांच रिपोर्ट मुहैया करानी होंगी। अधिग्रहण के लिए ये होंगे मानक प्रस्तावित जमीन तक पहुंचने के लिए एप्रोच मार्ग होना चाहिए। जमीन किसी वन, मंदिर, ट्रस्ट, निजी भूमि, नदी इत्यादि के नाम नहीं दर्ज होनी चाहिए। अतिक्रमण मुक्त होने के संबंध में सक्षम अधिकारी से जारी गैर बाधित प्रमाणपत्र हो। कोई भी हाईटेंशन लाइन न गुजरी हो। सीआईएसएफ की ओर से जमीन मुहैया कराने के लिए पत्र प्राप्त हुआ है।

**-अविनाश सिंह,**
**जिलाधिकारी**

## संक्षिप्त समाचार

### मनसापुर कुटी मंदिर परिसर में पूजा पाठ व भंडारे का हुआ आयोजन



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर अकबरपुर तहसील के मनसापुर कुटी मंदिर परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से पूजा पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया वरिष्ठ समाजसेवी अनिल वर्मा मंदिर परिसर में भगवान राम की चित्र पर पुष्प अर्पित धूमधाम से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम के दौरान लालमन पांडे संतोष सिंह प्रदीप सिंह दिनेश धुरिया अनिल सिंह शत्रुघ्न सिंह सुनील वर्मा दीपू वर्मा समर बहादुर उपाध्याय प्रिंस सचिन आदि लोग मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई, अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते टली

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की बुधवार 22 जनवरी को होने वाली सुनवाई, अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते एक बार फिर टल गई है। मामले पर वादी विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि, अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सांसद-विधायक विशेष अदालत के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। जानकारी दें कि, कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने बीते 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का मामला स्र्क्क-स्रु अदालत में दर्ज कराया था।

### अब अयोध्या एयरपोर्ट का जल्द शुरू होगा विस्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या के महर्षि वाल्मीक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नए डायरेक्टर ने पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने वाराणसी एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार को यहां लगाया गया है, जबकि यहां तैनात रहे विनोद कुमार अग्रवाल को दिल्ली मुख्यालय में तैनात कर दिया गया है। मंगलवार को एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए नवागत डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट के सेकेंड फेज का कार्य जल्द शुरू होगा। उन्होंने बताया कि सेकेंड फेज का कार्य क्रमबद्ध तरीके से होगा। हालांकि अभी इसमें कुछ समय लगेगा। अगले दो साल में एयरपोर्ट पर बड़ा परिवर्तन दिखेगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या आध्यात्मिक नगरी है। हमारी कोशिश रहेगी कि यहां आने वाला यात्री एक अच्छा अनुभव लेकर जाए। इसके लिए व्यवस्थाएं बढ़ाई जाएंगी। अभी एयरपोर्ट की क्षमता अधिक नहीं है। सेकेंड फेज में नई टर्मिनल बिल्डिंग बनेगी। 3500 मीटर का रनवे बनेगा। इसके अलावा मल्टीलेवल पार्किंग की भी व्यवस्था होगी, जिसके बाद उत्कृष्ट एयरपोर्ट में अयोध्या की गिनती होगी।

# मौनी अमावस्या पर जिले से महाकुंभ जाएंगी 360 बसें

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** हर किसी की चाहत है कि प्रयागराज पहुंचकर वह भी इस महाकुंभ का साक्षी बने। मौनी अमावस्या पर संगम में डुबकी लगाए। इसको देखते हुए रोडवेज अंबेडकरनगर वासियों के लिए विशेष बंदोबस्त कर रहा है। श्रद्धालुओं को प्रयागराज पहुंचाने के लिए मौनी अमावस्या पर 360 बसों का संचालन किया जाएगा।29 जनवरी को मौनी अमावस्या है। ऐसे में श्रद्धालु कई दिन पहले से वहां डेरा डाल देंगे। इसके लिए 23 जनवरी से प्रयागराज के लिए रोडवेज का संचालन शुरू हो जाएगा। मौनी अमावस्या पर स्नान करने के बाद श्रद्धालु वहां से लौटेंगे। इसके लिए सात फरवरी तक रोडवेज बसें चलाई जाएंगी। एआरएम दिनेशचंद्र के



मुताबिक श्रद्धालुओं को महाकुंभ पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।चालकों-परिचालकों की ड्यूटी लगा दी गई है। सभी से मौनी अमावस्या पर छुट्टी न लेने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को महाकुंभ पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न होने पाए।अंबेडकरनगर डिपो में 60 बसों का बेड़ा है। महाकुंभ को देखते हुए बरेली रेंज से डिपो को 300 बसें उपलब्ध कराई गई हैं। ऐसे में डिपो में बसों की संख्या 360 हो गई है। दरअसल, जिले के लोग बड़े पैमाने पर महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज जाते हैं। यही वजह है कि डिपो तैयारी करने में जुटा है, ताकि श्रद्धालुओं को आसानी से संगम नगरी तक पहुंचाया जा सके।

# पंडित रामसेवक त्रिपाठी गांव गरीब किसान के उत्थान के लिए प्रत्यनशील थे : मिथिलेश त्रिपाठी

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्नूपुर में पंडित रामसेवक त्रिपाठी दसवीं पुण्य स्मृति में नेत्र शिविर का आयोजन संपन्न हुआ नेत्र शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ मिथिलेश त्रिपाठी जिला प्रभारी अयोध्या ने कहा पंडित रामसेवक त्रिपाठी गांव गरीब किसान के उत्थान के लिए प्रत्यनशील थे कई जिलों में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर काम करने वाले स्वर्गीय त्रिपाठी जी ने किसानों के उन्नत कृषि एवं सरकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिले इसका





प्रयास किया था उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादाई । कार्यक्रम का संचालन व आभार कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री पंकज वर्मा ने किया।संयोजक पंकज वर्मा ने बताया नेत्र शिविर में साईं नेत्रालय अकबरपुर की टीम के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे लगभग 60 मरीज का नेत्र परीक्षण हुआ इनमें से लगभग 40 लोगों का निशुल्क ऑपरेशन सहचर सेवा संस्थान के बैनर से कराया जाएगा, आने वाले समय में जलालपुर तहसील के सभी गांव में इस प्रकार का कैंप लगाने की योजना बना रही जिससे ज्यादा से ज्यादा बुजुर्गों की आंखों का निशुल्क ऑपरेशन हो सके। पंडित रामसेवक त्रिपाठी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का आगाज,25 जनवरी आचार्य नरेंद्र इंटर कॉलेज जलालपुर में शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा जी करेंगे, इसमें जलालपुर तहसील क्षेत्र के सभी गांव की टीम प्रतिभा करेंगे जिनका एंट्री फीस फ्री रहेगा,इस अवसर पर डॉ अमित त्रिपाठी डॉ संतोष मौर्य अनुज सोनकर सभासद ,दुर्गेश मिश्रा सोनू , कृष्ण अग्रहरी, जय राम वर्मा ,विजय प्रजापति संजय, संतोष, आशुतोष पटेल,विकाश निषाद आदि उपस्थित रहे।

# एक वृहद रोजगार मेला का होगा आयोजन

**3000 से अधिक रिक्त पदो पर भर्तिया किये जाने का लक्ष्य**

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के बेरोजगार युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की मंशानुरूप राजकीय आई0टी0आई0, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के बेरोजगार युवक/युवतियों एवं कौशल प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु दिनांक 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2025 के शुभ अवसर पर जनपद मुख्यालय अकबरपुर अवस्थित हवाई पट्टी पर एक वृहद




रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से 14 नियोक्ताओं के द्वारा 3000 से अधिक रिक्त पदो पर भर्तिया किये जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे प्रतिभाग करने वाले नियोक्ता का विवरण निम्न हैं- 1- Bright Future Organic Herbal & Ayurvedic Pvt.Ltd, Ambedkarnagar w- Kilton Geo Eng. Pvt. Ltd, U.P x- Quess Corp Ltd, Gurugram y- Lg Ectronics India, Up z- Paytm, Ambedkarnagar {- Pipal Tree Online Pvt.Ltd, Vadodara |-M/S Syska Electrical, Up }- Di&on Technologies, Ayodhya, Gorakhpur ~- Sk Electronics, Up v®- H.P.C.L, Rajasthan vv- Faureacia Emission Control India Pvt. Ltd, Up vw-Kashi Agro Biotech Pvt.Ltd, Up vx- Suzuki Motors, Gujrat vy- J.B.M Ltd, Gujrat.

जनपद के सभी बेरोजगार युवाओं को सूचित किया गया है कि उपरोक्त दिनांक को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करते हुए ज्यादा से ज्यादा इस अवसर का लाभ उठाये।

# तीन बार पलक झपकाएं... तब मिलेगी मजदूरी

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में हाजिरी लगाते समय मजदूरों की झपकती पलकें बताएंगी कि वे काम कर रहे हैं। अब उनके चेहरा स्कैन होने के बाद ही उनकी हाजिरी लगेगी। स्कैनिंग के दौरान तीन बार पलकों को झपकना अनिवार्य है। ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना होगा। इस दौरान एक साथ 10 मजदूरों की हाजिरी लगेगी।मनरेगा में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार अब फेस रीडिंग के जरिए हाजिरी की व्यवस्था करने जा रही है। मनरेगा मजदूर के कामकाज करने के दौरान उनकी हाजिरी कार्य स्थल से 500 मीटर के दायरे में ही लग पाएगी। पहले मौके पर ही एक साथ सिस्टम पर हाजिरी लगती थी। एनएमएमएस सिस्टम का नया अपडेट वर्जन लांच हो जाने से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी में पारदर्शिता आ जाएगी। मनरेगा योजना में शासन स्तर पर हो रही सख्ती के बाद मजदूरों की संख्या घटती जा रही है। जबकि एक दिन के काम की मजदूरी 237 रुपये शासन की ओर से निर्धारित की गई है।

### अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मिश्रित सीतापुर ।** तहसील मिश्रित के सभी अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तहसील मिश्रित में मुंशिफ कोर्ट की शीघ्र स्थापना किए जाने की मांग की हैं । माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ के प्रशासनिक न्यायाधीश को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी मिश्रित के माध्यम से भेजा है । इस ज्ञापन में कहा गया है । कि तहसील मिश्रित में मुंशिफ कोर्ट की स्थापना हेतु समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। सिविल कोर्ट के भवन और कार्यालय का मानक के अनुरूप निर्माण जुलाई 2023 में ही पूर्ण किया जा चुका है ।

# प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर निकाली गई कलश यात्रा



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** राम मंदिर निर्माण के प्रथम वर्ष पूर्ण होने शुभ अवसर पर खेंवार ग्राम सभा के धरमपुर गांव द्वादश ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबा बाल ब्रह्मचारी देवी प्रसाद तिवारी द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया जिसमें कई सौ की संख्या में महिलाएं वा बच्चो ने बढ़ चढ़कर कलश सर पर रखकर यात्रा मे शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने का काम किया, अहिरौली पुलिस ने भी पूरी मुस्तैदी के साथ सुरक्षा व्यवस्था दी।वहीं कार्यक्रम में उपस्थित बिशाल उपाध्याय , महेंद्र मिश्र, मुकेश मिश्र, सोनू पाठक, बिकास सिंह, प्रांजल, बिक्की, शैलेश तिवारी,अबिनाश, लालजी सिंह, सज्जन तिवारी,पिंकू उपाध्याय,मुदित मिश्रा,अनुज, रामआशीष, आदि लोग सम्मिलित रहे।

# चाइनीज मांझे को लेकर उपजा का सफल कार्यक्रम होटल सिल्वर ओक में आयोजित

**आमजन मानस की मौत का कारण बन रहा चाइनीज मांझा इसका प्रयोग बंद हो**

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान,**
**सहारनपुर ब्यूरों चीफ जाती राम**

**सहारनपुर।** यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा सिल्वर ओक होटल में जिला अध्यक्ष सुशील कपिल नगर अध्यक्ष काशिफ खान आयोजित कर जनता से आह्वान किया कि आमजन मानस की मौत का कारण बन रहा चाइनीज मांझा इसका प्रयोग बंद हो पतंग उड़ाने वाले चाइनीज मांझा का प्रयोग बंद करे जिससे जनता की रक्षा हो उपजा के कार्यक्रम में अधिकांश पत्रकार उपस्थित रहे वही कई स्कूल के संचालक अपने छात्रों को भी कार्यक्रम में लाए जिससे छात्र जागरूक हो चाइनीज मांझे से पतंग न उड़ाए यह उपजा का कार्यक्रम समाज के हित में बेहतरीन पहल है इस बुराई को मिटाने के लिए उपजा ने बड़ी पहल की उनको बधाई उक्त कार्यक्रम में निम्न वक्ताओं ने चाइनीज मांझे का नाम विरुद्ध विचार व्यक्त किए जिसमें पत्रकार सिकंदर राणा ने कहा कि चाइनीज मांझा मौत करे साझा उन्होंने समाज के छात्रों ओर नौजवानों को चाइनीज मांझे का



बायकॉट करने का आह्वान किया मंच पर सपा नेता टिंकू अरोड़ा मंडी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार चौकी निर्यात इंचार्ज अश्वनी ठाकुर समाजसेवी एडवोकेट अमजद अली खान आईपीए के अध्यक्ष ऋतुराज गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे इन्होंने कार्यक्रम में सभी लोगों को अपना संबोधन दिया चाइनीज मांझे के विरुद्ध महा अभियान उपजा ने चलाया वो सफल हुआ वक्ताओं ने भारत में बन रहे उन फैक्ट्रियों के विरुद्ध कार्यवाही हो जो चाइनीज मांझा बन रहा है उन फैक्ट्रियों को बंद किया जाए चाइनीज मांझा भारत में कई स्थानों पर बनाया जाता है, लेकिन मुख्य रूप से यह निम्नलिखित स्थानों पर बनाया जाता है

**उत्तर प्रदेश :-**

उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझा का उत्पादन व्यापक रूप से किया जाता है। खासकर, उत्तर प्रदेश के शहरों जैसे कि लखनऊ, कानपुर, और वाराणसी में चाइनीज मांझा का उत्पादन किया जाता है।

**दिल्ली :-**

दिल्ली में भी चाइनीज मांझा का उत्पादन किया जाता है, खासकर दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे कि बदरपुर, नारेला, और भाटी में चाइनीज मांझा का उत्पादन किया जाता है।

**हरियाणा :-**

हरियाणा में भी चाइनीज मांझा का उत्पादन किया जाता है, खासकर हरियाणा के शहरों जैसे कि गुड़गांव, फरीदाबाद, और रोहतक में चाइनीज मांझा का उत्पादन किया जाता है।

# भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने पर निकली भव्य शोभायात्रा



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/**
**नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूर्ण होने पर आज मथुरा में भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। जिसके संयोजक रहे मोनू पांडेय भाजपा किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष ने बताया कि आज हमारे आराध्य भगवान श्री राम भव्य प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा हो गया है। जिसको लेकर आज हमने राधिका बिहार दुर्गा पुरी से मंडी चौराहा,कृष्णा नगर,भूतेश्वर, बीएसए रोड होते हुए राधिका बिहार पर संपन्न हुई।यात्रा सम्पन्न के बाद समस्त सनातन प्रेमी को भंडारा वितरण किया गया। जिसमें समस्त सनातन प्रेमी मौजूद रहे। वहीं शोभा यात्रा का शुभारंभ गोविंदराम शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ने भगवा झंडा फ़ैरा कर किया। शोभा यात्रा में भगवान राम की भव्य झांकी, और पवन पुत्र हनुमान जी की झांकी ने सबका मन मोह लिया।वही यात्रा का भक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। वहीं कृष्ण नगर चौकी इंचार्ज विक्रांत तोमर ने ट्रैफिक की व्यवस्था बहुत ही अच्छे ढंग से संभाली। शोभायात्रा में गोविंद राम शर्मा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, चरण सिंह जादौन जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, योगेश यादव, रिंकू यादव, के.के अग्रवाल, निरंजन सिंह पार्षद, अनुज खंडेलवाल, सोनू अग्रवाल, मोहित खंडेलवाल, निर्मल अग्रवाल, बी एल पांडेय, पवन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# यमुना एक्सप्रेस वे मांट टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते भाकियू भानु के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ, जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान एवं अन्य सैकड़ों किसान

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर टोल कर्मियों के दुर्व्यवहार और अभद्रता के विरोध में किसानों

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

**मथुरा।** मथुरा में भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला सचिव मानसिंह चौधरी से मंगलवार को यमुना एक्सप्रेस-वे के मांट टोल प्लाजा पर स्थित टोल कर्मियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और अभद्रता के विरोध में बुधवार को यमुनाएक्सप्रेस-वे के मांट टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन भानु के सैकड़ों आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने टोल कर्मियों के दुर्व्यवहार व अभद्रता के खिलाफ ज़ोरदार नारेबाजी प्रदर्शन किया। भाकियू भानु के राष्टीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ बताया गया कि मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला सचिव मानसिंह चौधरी यमुना एक्सप्रेस-वे से होकर बाजना से मथुरा जा रहे थे। तभी मांट टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों ने भारतीय भानु के जिला सचिव मानसिंह चौधरी की गाडी को मैसेज होने के बाद भी रोक दिया। और उनसे दुर्व्यवहार करते हुए अभद्रता कर की गई। जब इस बात की जानकारी भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्टीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ और जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पहलवान को लगी तो उन्होंने आज वुधवार को सैकड़ों



कार्यकर्ताओं के साथ टोल कर्मियों के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और अभद्रता के विरोध में टोल कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी प्रदर्शन किया गया। किसानों द्वारा नारेबाजी प्रदर्शन करने की जानकारी मांट टोल प्लाजा के मेनेजर और मांट टोल चौकी प्रभारी को लगी तो वह मौके पर पहुंचे। जहां टोल प्लाजा के मैनेजर ने सैकड़ों आक्रोशित किसानों द्वारा मांट टोल प्लाजा पर किए जा रहे प्रदर्शन को लेकर किसानों से बातचीत की और दोषी टोल कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन देने और भविष्य में ऐसा न किए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर किसान शांत हुए और आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने प्रदर्शन को समाप्त किया। वहीं प्रदर्शन करने वालों में भारतीय भानु के राष्टीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पहलवान, राष्टीय सचिव विजयपाल सिंह चौधरी, रोहतास, माधव तेहरिया, अंकित तेहरिया, जगदीश रावत, भगवान सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गिरिराज सिंह हवलदार, अनिल सरपंच, किशनपाल सिह चौधरी, विष्णु चौधरी, छत्रपाल सिंह, रंजित चौधरी, भोलू पहलवान, मूला चौधरी, भूरा चौधरी, आदि कार्यकर्ताओं द्वारा यमुना एक्सप्रेस-वे पर टोल कर्मियों के दुर्व्यवहार और अभद्रता के विरोध में कार्यवाही की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी प्रदर्शन किया गया।

## शबरी देवी शिक्षण समिति की नई कार्यकारिणी गठित

केसरिया हिंदुस्तान, जांजगीर ब्यूरो तरुण चौबे



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद की संचालन समिति का निर्वाचन 21 जनवरी को निर्वाचन अधिकारी चंद्रकिशोर श्रीवास्तव सचिव वनांचल शिक्षा सेवा न्यास सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर, सहायक निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र सराफ जिला प्रतिनिधि जांजगीर एवं शक्ति, दिवाकर स्वर्णकार प्रांतीय खेल प्रमुख सरस्वती शिक्षा संस्थान के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमे आगामी तीन वर्षो के लिए सर्व सम्मति से अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी, उपाध्यक्ष महेश कुमार सोनी, सचिव प्रमोद सोनी, सह सचिव शिवरात्रि प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सोनी, सदस्य धनसाय यादव, भोजराम सोनी, द्रौपदी रानी सोनी, जनक राम भारद्वाज, विशेष आमंत्रित सदस्य डायमंड पाण्डेय, संस्थान प्रतिनिधि रविन्द्र सराफ, पदेन सदस्य रामकुमार साहू प्राचार्य चुने गए। इस अवसर पर सामान्य सभा के सदस्य मनोहर लाल देवांगन, विवेक सोनी, गोपाल आदित्य, हेमलाल यादव, प्रकाश सोनी, सुभद्रा सोनी, सुशीला सोनी की गरिमामयी उपस्थिति में निर्वाचन सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने नव निर्वाचित प्रबंध समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की प्रगति में योगदान देने की अपेक्षा की जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुये अपने अपने दायित्व का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुस्तफा अली बोहरा मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक सचिव मनोनीत

केसरिया हिन्दुस्तान से मुस्तफा अली



**सुसनेर।** सुसनेर नगर में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश एवं प्रदेश सचिव अशोक नाहर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम नारायण सोनी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर के निर्देशानुसार आगर जिला महासचिव अरुण फुलेरा ने वर्ष 2025 के लिए ब्लॉक इकाई सुसनेर की विधिवत घोषणा की गई। जिसमे मुस्तफा अली को ब्लॉक इकाई सुसनेर का सचिव मनोनीत किया गया। इनकी नियुक्ति पर पत्रकार साथियों और इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की।

### गुड उधोग केंद्र के एलडीको टैंक में आग लगने से लाखों का नुकसान



नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता, अश्विनी वाल्मीकि

मंगलवार की दोपहर को नगीना देहात के अंतर्गत टांडा माईदास में श्री शिव शक्ति इंडस्ट्रीज गुड़ उद्योग के एलडीको टैंक में अचानक आग लग गई। सूचना पर फायर स्टेशन प्रभारी नगीना दीपक कुमार के नेतृत्व में यूनिट तत्काल उक्त घटनास्थल पर पहुंची तथा (विद्युत जनरेटर के एल डी को टैंक ) में लगी हुई आग को वॉटर टैंक पोर्टेबल पंप फोम कंपाउंड का उपयोग कर आग पर काबू पाया ,लेकिन तब तक एल डी ओ टैंक जलकर क्षतिग्रस्त हो गया गनीमत यह रही कि कोई जीव हानि नहीं हुई ,गुड उद्योग मालिक निशांत अग्रवाल ने फायर स्टेशन की टीम को आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट होना बताया।

### चाय पिलाने का कैंप लगाया गया




नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता, अश्विनी वाल्मीकि

नगीना की तरफ से आज फिर चाय पिलाने का एक कैंप मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा इमलियों में लगाया गया जिसमें सुबह ही सुबह रेता लाने वालों को आने जाने वाले राहगीरों को गरम-गरम चाय पिलाकर ठंड में राहत देने का काम किया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना के जिम्मेदार मुफ्ती अरशद साहब ने बताया कि इसका मकसद सुबह ठंड में गरम चाय पिलाकर लोगों में प्यार मोहब्बत का पैगाम देना होता है समाजसेवी तन्जील आलम ने बताया की ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फॉर्म पूरे हिंदुस्तान में फ्री कंबल फ्री लिहाफ फ्री गर्म कपड़े जेल में गरीब कैदियों को छुड़ाना जो अपना जुर्माना नहीं भर सकते इसी तरह गरीब और बेसहारा लड़कियों की शादी करना ऑल इंडिया पायामय इंसानियत नगीना की तरफ से इसी कड़ी में आज यह काम जारी है और इंशाल्लाह आगे भी जारी रहेगा इस मौके पर श्रीकांत रवि मुहम्मद आमिर मुफ्ती अरशद साहब अबूजर रेहान फरमान अरहान अदिल कादरी वगैरा ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

# दबंगों ने गर्भवती महिला को बेरहमी से पीटा, महिला हुई घायल, मेडिकल कालेज में भर्ती




केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

**एटा।** जनपद के रिजोर थाना क्षेत्र के छोटी निधौली गांव में मामूली बात पर गांव के ही दबंगों ने गर्भवती महिला को बेरहमी पीट दिया।मारपीट की वजह से महिला की हालत बिगड़ गई।घायल अवस्था में महिला और उसका पति रिजोर कोतवाली पहुंचे जहां पहुंच कर पुलिस से शिकायत की ।पुलिस ने घायल गर्भवती महिला का मेडिकल परीक्षण करवाया है।फिलहाल महिला का एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घायल महिला के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि निधौली खुर्द गांव रहता हूं गांव के ही भीमा पुत्र जुम्मन ने मेरी पत्नी को मारा तोड़ा है ।जिससे वह घायल हुई है।महिला के पति ने रिजोर थाना पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने बताया कि आरोपी दबंग है पुलिस के पास जाते है तो कार्यवाही नहीं होती मेरी मां भी शिकायत करने गई थी परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। घायल महिला रुकसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि भल्लो और उसके लड़के और पति में सड़क पर गिराकर कर मारा ।पुलिस से शिकायत करने गए तो कोई सुनवाई नहीं हुई फिर डायल 112 को सूचना देकर मौकेपर बुलाया और एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में आए है।आरोपी हम से जलन मानते हैं किसी और लड़ाई हो रही थी मुझे वगैर गलती के मारा है।

# जनेश्वर मिश्र की मनाई गई पुण्यतिथि, सपाइयों ने उनके जीवन पर डाला प्रकाश : अनुज मिश्रा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव



जनेश्वर मिश्र का जन्म 5 अगस्त 1933 को तथा मृत्यु 22 जनवरी 2010 को हुई थी। 22 जनवरी को प्रति वर्ष जगह जगह उनकी पुण्य तिथि मनाई जाती है। बुधवार को शंकरगढ़ में उनकी पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर सपा नेता अनुज मिश्रा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के एक राजनेता थे। समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होने मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर, एच डी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुज़राल के मंत्रिमण्डलों में काम किया। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव गुड्डा मिश्रा ने उनके जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा की उनका जीवन इतना सादगी भरा था कि सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही बंगला। ब्लॉक अध्यक्ष राजकरन सिंह ने कहा की इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पुर्व युवा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की। सपा नेता कामद प्रताप सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जनेश्वर मिश्र के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि उनका जन्म एक गांव में हुआ था। उनके पिता रंजीत मिश्र किसान थे। बलिया में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद 1953 में इलाहाबाद पहुंचे जो उनका कार्यक्षेत्र रहा। विजय सिंह ने जनेश्वर मिश्रा जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा की उनको आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आंदोलन में इतना पगे कि उन्हें लोग छोटे लोहिया के तौर पर ही जानने लगे। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव गुड्डा मिश्रा, पूर्व जिला सचिव कामद प्रताप सिंह, जिला सचिव अनुज मिश्रा,विधनसभा महासचिव अर्जुन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राज करन सिंह, समाज सेवी सपा नेता शैलेंद्र यादव, ब्लॉक महासचिव अंशुमान सिंह,ब्लॉक उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, जिला सचिव लोहिया वाहिनी विजय सिंह, सपा नेता अनीश खान, विधनसभा अध्यक्ष युवजनसभा लाल साहब यादव, इंद्रसेन सिंह , महीप सिंह ,अतुल यादव, देव मूर्ति यादव, आशीष पांडेय, बंसी लाल यादव, राजकुमार दलजीत सिंह,तीरथ प्रसाद सहित कई सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 24 से 26 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस-2025

## विकास व विरासत प्रगति पथ उत्तर प्रदेश थीम पर होगा आयोजित

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ0 इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में 24 से 26 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस 2025 कार्यक्रम को भव्यता और आकषर्क ढंग से आयोजित करने हेतु सभी संबंधितों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए निर्देशित किया कि वह समय रहते अपने-अपने कार्यों को भली-भांति सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण कर लें जिससे कार्यक्रम के समय किसी प्रकार की कोई कमी दृष्टिगत न हो। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम पर्यवेक्षण हेतु मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)महेंद्र पाल सिंह को नामित करते हुए कहा कि वह कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों का सतत निरीक्षण करते रहे और कोई भी कार्य अवशेष न रहने पाए और कार्यक्रम की सफलता के लिए तैयारियों की समीक्षा आवश्यक है इसलिए इस कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम आयोजन के समय शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं के प्रदर्शनी हेतु स्टाल लगाए जाएं जिसमें प्रदर्शन किया जाए कि योजनाओं से किस प्रकार से लाभ मिल सकता है। उन्होंने स्टाल हेतु उपायुक्त,स्वतन्रोजगार विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग, शिक्षा विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, उद्योग विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, नेडा विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण एवं सहायक संभागीय परिवहन विभाग, रेशम विभाग, जिला पूर्ति विभाग, अग्रणी जिला प्रबंधक, चिकित्सा विभाग आदि विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के चयनित पात्र लाभार्थियों यथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/नगरीय के लाभार्थी, पंचायत राज विभाग की योजना से लाभान्वित लाभार्थी, पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्री ,महिला अध्यापिकाएं, इन्वेस्टर्स यूपी के अंतर्गत निवेशक, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षित लाभार्थी, कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी, उद्यान विभाग से लाभान्वित योजना के लाभार्थी, कृषक लाभार्थी, माटी कला योजना के लाभार्थी, घरौनी के लाभार्थी को आमंत्रित कर योजनाओं के अधिकार पत्र आदि उपलब्ध कराते हुए लाभान्वित किया जाए।

# भव्य जयकारों के बीच श्री राम लला जी की प्रतिमा स्थापित

जयदेव यादव, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**मुरादाबाद।** श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर नया मुरादाबाद में बुधवार को श्री राम लला के साथ ही देवी प्रतिमा की स्थपना की गई प्रतिमा का अनावरण शारदा पिताधिश्वर शांकराचार्य राज राजेश्वराश्रम जी ने किया महाकालेश्वर धाम मंदिर में विगत एक सप्ताह से जारी धार्मिक अनुष्ठान को श्री राम लला की के अनावरण के साथ पूर्णता प्रदान की गई धार्मिक समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने रामभक्ति के जयकारे लगाएं अयोध्या धाम में श्री राम लला की प्रतिमा के स्थापना के 1 वर्ष पूर्ण होने पर श्री महाकालेश्वर धाम मन्दिर में श्री राम लला की प्रतिमा के स्थापना के माध्यम से भव्य उत्सव के रूप में मनाया गया इससे पूर्व शहर में विभिन्न क्षेत्रों से भव्य धार्मिक शोभायात्रा निकाली गई थी बुधवार को आयोजित भव्य समारोह में प्रतिमा के अनावरण के बाद समारोह के बीच महाकालेश्वर धाम समिति की ओर से सहयोगी धार्मिक संस्थाओ एवं गणमंयों को शंकराचार्य जी के कर कमलों से सम्मानित किया गया कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति से भक्ति का माहौल बनाया शंकराचार्य जी ने अपने संबोधन में प्रभु श्री राम की महिमा का बखान किया की प्रभु श्री कृष्ण की महिमा का उल्लेख किया सनातन परम्परा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर अवसर पर ओमसन्स परिवार से महेश अग्रवाल जी,महापौर विनोद अग्रवाल जी,प्रिया अग्रवाल जी,जूही अग्रवाल जी,कुलीन अग्रवाल जी सोनम अग्रवाल जी, नंदिनी अग्रवाल जी, शैली अग्रवाल जी, अंकुर अग्रवाल जी, सुरेश चंद्र अग्रवाल जी, शालिनी अग्रवाल जी,मनीषा अग्रवाल जी, टीएमयु के कुलाधिपति सुरेश जैन जी,अलीगढ़ महापौर प्रशांत सिंघल जी,एम एल सी जय पाल सिंह व्यस्त जी, एम एल सी गोपाल अंजान जी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकार व निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार की मजदूरों पर पड़ी गाज

केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा



उक्त बात यहां जारी प्रेस बयान में भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव कपूर सिंह, जिला केशीयर संदीप जाजवान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि हमारी यूनियन लंबे समय से बोर्ड से मिलने वाले लाभ व 90 दिन की वेरिफिकेशन में फैले भ्रष्टाचार को उजागर करती रही है। विभाग की और से अधिकारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही करने की बजाए कल्याण बोर्ड से अकेले जींद जिले के 32 हजार मजदूरों का नाम रदद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि एक झटके में 32 हजार निर्माण के मजदूरों को बोर्ड से मिलने वाले लाभ से वंचित कर दिया है, जो सीधे तौर पर मजदूरों के अधिकार पर हमला है। जिसके कतई सहन नहीं किया जाएगा। और 28 जनवरी को हरियाणा के श्रम मंत्री के कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे, उन्होंने आगे कहा कि सरकार जातीय और धार्मिक सांपरदायिकता पैदा करके लोगो के वोट ठगती है और बाद मे इसी जनता के खिलाफ काम करती है जो अब साबित हो गया हरियाणा के विधानसभा के चुनाव मे भाजपा ने स्त्रह्य और ह्य के नाम पर वोट लेने के बावजूद भी श्रम कल्याण बोर्ड से मिलने वाले लाभ से एक झटके मे पंजीकरण परमानेंट बंद करने के बाद वँचित कर दिया! आगे उन्होने कहा की इस कार्यवाही के पीछे राज्य सरकार व निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड पिछले 10 सालों से रोजाना मजदूरों के खिलाफ निर्णय कर रहा है पहले 90 दिन की वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियनों से छीना गया जिसके पीछे तर्क यह दिया गया कि करप्शन बढ़ रहा है जबकि ये सच नहीं था, उसी समय अपना विरोध दर्ज करवाते हुए यूनियन का कहना था कि अब जिनको वेरिफिकेशन का अधिकार दिया गया है वो भ्रष्टाचार के अड्डे बनेंगे और यूनियन की बात यूनियन की बात सही साबित हुई है। 1996 के कल्याण कानून के खिलाफ जाकर मजदूर संगठनों के अधिकारों पर हमला करना व कल्याण बोर्ड के अधिकारियों के अलावा 90 दिन का काम वेरीफाईव करने का अधिकार देना ही अपने आप में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना था जिसका खामियाजा मजदूरों को साल दर साल भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गली गली में सेवा केंद्र ऑनलाइन के नाम पर भ्रष्टाचार के अड्डे खोल दिए गए, वहीं दूसरी ओर फैमिली आईडी की अनिवार्यता के चलते अच्छा खासा हिस्सा निर्माण मजदूर का लाभ से वंचित हो रहा है अब यह है भ्रष्टाचार का मसला भी इसके मामले में कार्रवाई मजदूर पर होने की बजाय भ्रष्टाचार करने वालों पर होनी चाहिए जबकि खामियाजा मजदूर को बहुत ना पड़ रहा है । अब तो परिवार पहचानपत्र को माननीय उच्च न्यायालय ने भी अनिवार्य करने से इनकार कर दिया है। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा मांग करती है की रद्द किए गए सभी निर्माण मजदूरों के पंजीकरण बहाल किए जाएं तथा भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई की जाए, 90 दिन की तस्दीक का अधिकार यूनियनों को दिया जाए। ऑनलाइन के बाद करप्शन बढ़ा है इसलिए मजदूरों को सभी तरह के लाभ ऑफलाइन दिए जाए, परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता खत्म हो।

जारी कर्ता संदीप जाजवान जिला केसीयर भवन निर्माण कामगार यूनियन जींद

# आरोपियों को सजा दिलाने वाले 16 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही पश्चात न्यायालय द्वारा अलग-अलग मामलों में आरोपियों को कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।अपनी तत्परता एवं उत्कृष्ट जांच विवेचना कार्यवाही से आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिस अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक केसर पराग बंजारा निरीक्षक रघुवीर ठाकुर निरीक्षक लखेश केंवट सहायक उप निरीक्षक राजेश सेन सहायक उप निरीक्षक अश्वनी पडवार सहायक उप



निरीक्षक सुनील खूंटे एवं प्रधान आरक्षक धनंजय यादव सहायक उप निरीक्षक ईश्वर टोप्पो सहायक उप निरीक्षक विष्णु टंडन सहायक उप निरीक्षक कमल किशोर देवांगन एवं संजीव सिंह सहायक उप निरीक्षक जीवनलाल वर्मा प्रधान आरक्षक संतकुमार बिंझवार प्रधान आरक्षक मोहम्मद अरशद खान महिला प्रधान आरक्षक गंगोत्री ध्रुव प्रधान आरक्षक अमोल सिंह कंवर शामिल हैं।

# मथुरा में निर्माणधीन बरेली-हाईवे मार्ग पर मिला शव मांट क्षेत्र के युवक

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी**

राया क़स्बा राया क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणधीन जयपुर-बरेली हाइवे स्थित गांव मल्है के समीप आज सुबह मिले 20 वर्षीय अज्ञात युवक का शव थाना मांट क्षेत्र के गांव जनकपुर निवासी रोहित पुत्र राजवीर का निकला। दोस्त के जन्मदिन पार्टी में गये युवक का शव को देख भारी संख्या में भीड़ एकत्र हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस उच्चधिकारी मौके पर पहुंच गये। मृतक के शिनाख्त के लिये सोशल मीडिया पर पुलिस के फोटो डालते ही परिजनों को घटना की जानकारी लगी। परिजन भी मौके पर पहुंच गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह राया के गांव मल्है के समीप निर्माणधीन बरेली-जयपुर हाईवे के किनारे एक शव पड़ा देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया तत्काल इसकी जानकारी इलाका पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क किनारे पड़े युवक के शव की शिनाख्त के लिये तलाशी ली गयी। युवक की पहचान सम्बंधी कोई कागजात नही मिला। घटना की सूचना पर एसपी देहात त्रिगुन विसेन, क्षेत्राधिकारी महावन धर्मेंद्र सिंह चौहान और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुच गयी। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए मृतक के फोटो जनपद के सभी थानों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिए।



सोशल मीडिया द्वारा परिजनों ने शव की शिनाख्त कर थाना राया पहुंच गए। मांट थाना क्षेत्र के जनकपुरी गांव के रहने वाले रोहित कुमार बीसीएस कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र थे। मृतक के पिता राजवीर ने बताया कि रोहित कल मंगलवार की सायं गांव के ही एक युवक के साथ बाइक से दोस्त के यहां जन्मदिन पार्टी मनाने गांव मिर्ताना टेंटीगांव गया था। दोस्त को गिफ्ट में घड़ी देने के लिए घर से 500 रुपये भी ले गया था । रात्रि को वापिस घर न लौटने पर परिजनों को चिन्ता सताने लगी और उसके फोन पर सम्पर्क किया तो रोहित का मोबाइल फोन स्वीच ऑफ बोल रहा था रहा था। युवक के गले पर चोट के निशान मिले हैं। पास ही एक मफलर भी पड़ा मिला है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक का पिता राजमिस्त्री का कार्य करता है। परिवार में दो पुत्र एक पुत्री थी। मृतक की दो दिन पूर्व बहन की गोद भराई की रस्म हुयी थी। रोहित घर मे सबसे बड़ा था। रोहित ने इंटर पास कर सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। घटना के बाद घर मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। इस मामले में पुलिस ने एक दोस्त को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। डीआईजी/एसएसपी शैलेश पांड़े ने बताया कि घटना के खुलासे को पुलिस की कई टीमों को लगाया गया है। घटना की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य पद से महिला ने एडीओ पंचायत को दिया इस्तीफा

**केसरिया हिंदुस्तान सलमान अहमद**

**फर्रुखाबाद।** शमसाबाद विकास खंड क्षेत्र के गांव सुल्तानगंज खरेटा प्रथम निर्वाचित क्षेत्र संख्या 43 क्षेत्र से क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्योति गौतम पत्नी राम बिहारी ने सुरक्षा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा पंचायत सहायक अधिकारी आफाक हुसैन गाज़ी शमसाबाद को सौंपा। उन्होंने कहा क्षेत्र पंचायत सदस्य पद इस्तीफा स्वेच्छा से दिया और इसे स्वीकार किया जाना आवश्यक है। बुधवार को पंचायत सहायक अधिकारी आफाक हुसैन गाज़ी को शपथ पत्र के जरिए इस्तीफा देकर पंचायत सहायक अधिकारी से स्वीकार करने की मांग की है।

## मोहब्बत का भरोसा देकर महिला की लूटी इज्जत आबरू अब दे रहा है धोखा




**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत -बरखेड़ा।** कस्बे की एक महिला को अपने प्रेम जाल मे फास कर आरोपी युवक लम्बे समय से यौन शोषण करता रहा जब इसकी जानकारी पीड़ित महिला के पति को हुई तो उनसे अपनी पत्नी को छोड दिया और अपने आशिक के साथ रहने की बात कहकर भाग गया वही पीड़ित महिला अपने मासूम बच्चे को लेकर कोई दिनो से चक्कर काट रही है। लेकिन महिला की कोई सुनने वाला नही है। आरोपी अपने रसूख के चलते मठाधीश बन घूम रहा है। पुलिस उसे पकडे की हिम्मत नही जुटा पा रही है। पीड़ित महिला का बसा बसाया घर शादी का झांसा देकर आरोपी ने ऊजाड दिया अब आरोपी युवक शादी करने से इंकार कर रहा है। वही पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। पीड़ित महिला इंसाफ के लिए दर दर की ठोकरे खाती हुई थाने के चक्कर काट रही है।

# उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां शुरू की गयी है

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**

उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से शीघ्र हेलीकाप्टर सेवा भी शुरू की जाएगी, जिसका ट्रायल हो चुका है। श्रद्धालु आसमान की उंचाइयों से महाकुंभ के दर्शन के साथ-साथ राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिचित होंगे।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ज्वाय राइड का आनंद देने के लिए पहले से एक हेलीकाप्टर संचालित किया जा रहा है। पर्यटकों की रुचि को देखते हुए ईको टूरिज्म डेवलमेंट बोर्ड ने एक समझौत किया है। अतिशीघ्र एक और हेलीकाप्टर सेवा शुरू की जाएगी, जिसका





ट्रायल हो चुका है। यह सेवा महाकुंभ नगर में बोट क्लब के पास स्थित हेलीपोर्ट से संचालित होगी। पर्यटक 1296 रुपये में 7-8 मिनट तक भ्रमण करेंगे। इसकी बुकिंग बोर्ड की वेबसाइट www.upecoboard.in से की जा सकती है। हेलीकाप्टर में उड़ान के साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण ईको साइट्स के बारे में विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को बताया जाएगा।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश धार्मिक आध्यात्मिक रूप से जितना महत्वपूर्ण है उतना ही प्राकृतिक रूप से भी। भारत के स्वीट्जरलैंड के नाम से विख्यात सोनभद्र, जहां पर 1400 मिलियन वर्ष पुराना सलखन फासिल्स पार्क जैसे कई आकर्षण हैं। रानी टाइगर रिजर्व, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित अनेकों आकर्षण हैं जो तीर्थ नगरी से मामूली दूरी पर स्थित है। ईको टूरिज्म बोर्ड की ओर से महाकुंभ में 3250 वर्गफीट में लगाई प्रदर्शनी में इन सभी आकर्षणों को प्रदर्शित किया जा रहा है। ताकि पर्यटक इन स्थानों पर भी भ्रमण के लिए आकर्षित हों। प्रदर्शनी में आगंतुकों के लिए ईको टूरिज्म सेल्फ़ी पॉइंट्स, वर्चुअल रियलिटी डोम, ईकोटूरिज्म डेस्टिनेशंस एवं ईकोटूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रस्तुत किया जाएगा। ईकोटूरिज्म से संबंधित विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रचार, प्रसार एवं जानकारी प्रदान की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हम पर्यटन स्थलों पर अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा लखनऊ से दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के लिए हेली सर्विस का संचालन किया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा लखनऊ से 5000 रुपये में पर्यटक दुधवा पहुंच सकते हैं। सड़क मार्ग से जहां 4 घंटे से अधिक समय लगता है वहीं वायुमार्ग से एक घंटे में ही यात्रा पूरी होगी।

## जनपद में होने वाले अवैध खनन परिवहन को रोके जाने हेतु करें आवश्यक कार्यवाही

**अवैध खनन परिवहन की निगरानी हेतु लगाये चेक गेट व सीसीटीवी कैमरा**



**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ0 इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक में जिला खनन अधिकारी को निर्देशित किया कि अवैध खनन परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु सतत प्रवर्तन कार्य करने के साथ-साथ विभिन्न मार्गों पर बजट की उपलब्धता के अनुरूप चेक गेट स्थापित करते हुए सीसीटीवी कैमरा भी लगवाए जाएं जिससे ओवरलोडिंग/अवैध खनन परिवहन को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध बजट के दृष्टिगत सर्वप्रथम देवकली पर चेक गेट लगवाते हुए सीसीटीवी कैमरा को भी स्थापित किया जाए जिससे वाहनों के आवागमन की फोटो आदि संकलित होने के साथ-साथ चालान आदि की भी कार्यवाही हो सके और अवैध खनन परिवहन पर अंकुश लग सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश सिंह,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि,जिला पंचायत राज अधिकारी प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# बरखेड़ा मे हिन्दू युवा वाहिनी की बैठक का आयोजन



**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत- बरखेड़ा।** कस्बे मे अनुराग बैंकट हाल में हिन्दू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष राहुल वर्मा के नेतृत्व में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा व जिला प्रभारी शोभित शर्मा उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपने अपने सम्बोधन में संगठन को गांव गांव पहुचाने का सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया नगर व ब्लॉक टीम का गठन किया जिसमे नगर प्रभारी गौरव कुमार नगर अध्यक्ष रामकुमार वर्मा व नगर महामंत्री पुनीत कुमार नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार संगठन महामंत्री विनोद भोजवाल को नियुक्त किया जिसमे जिला अध्यक्ष मा.गौरव शुक्ला जिला प्रभारी शोभित शर्मा जिला मंत्री विनोद कश्यप जिला मंत्री दीपक सक्सेना मिश्रा जिला मंत्री मुकेश राठौर नगर के महामंत्री हिमांशु पांडेय नगर महामंत्री पुनीत कुमार महामंत्री नगर मोहित सक्सेना नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार नगर उपाध्यक्ष कनई लाल वर्मा नगर उपाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना नगर उपाध्यक्ष सुखलाल वर्मा नगर उपाध्यक्ष विपिन सिंह नगर उपाध्यक्ष नंदकिशोर सक्सेना नगर उपाध्यक्ष डालचंद्र वर्मा नगर उपाध्यक्ष राकेश कुमार नगर मंत्री शुभजीत तिवारी नगर मंत्री शिवांशु पांडेय नगर मंत्री रामा भारती नगर मंत्री आदि लोग मौजूद रहे।

# अचानक जिला अस्पताल पहुंची जिलाधिकारी जे. रीभा

**मरीजों से जाना उनका और अस्पताल का हाल, जिम्मेदारों से दागे सवाल**

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता, 9721284637, 6307782066**

**बांदा।** जिलाधिकारी बाँदा श्रीमती जे0रीभा ने आज प्रातः जिला महिला/पुरूष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन वार्ड, एनआरसी सेन्टर, बच्चा वार्ड, दवा वितरण केन्द्र, पुरूष एवं महिला वार्ड, एक्सरे एवं पैथालॉजी तथा ब्लड बैंक का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने पुरूष एवं महिला वार्ड का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से उनके उपचार एवं बीमारी से पीडित होने के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए चिकित्सकों के द्वारा किये जा रहे उपचार के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीज आशा का तत्काल एक्सरे कराकर इलाज किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एक अन्य भर्ती मरीज रामरती का हालचाल जानते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाये जाने के निर्देश दिये। पुरूष वार्ड में भर्ती मरीज रामदीन को बुखार से पीडित होने पर तथा मरीज राजाभइया के दुर्घटना में घायल होने पर उनको चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के



दौरान आपातकालीन वार्ड में 11 मरीज भर्ती पाये गये। उन्होंने चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिये कि भर्ती मरीजों का समय-समय पर बीपी/बुखार व अन्य बीमारी से सम्बन्धित समस्या को चेक कर रिपोर्ट अंकित की जाए। उन्होंने दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए चीफ फार्मेसिस्ट को दवाओं की एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखते हुए उससे पूर्व दवाओं का वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने डिजिटल एक्सरे एवं पैथालॉजी का निरीक्षण करते हुए एक्सरे रिपोर्ट कितने समय में मिलती है तथा पैथालॉजी में ब्लड की जॉच सम्बन्धी रिपोर्ट दिये जाने एवं प्रतिदिन कितनी जांचे की जाती हैं, के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मरीजों को निर्धारित समय के अनुसार रिपोर्ट दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए, ब्लड बैंक प्रभारी को निर्देश दिये कि सभी ब्लड ग्रुपों की ब्लड बैंक में उपलब्धता रखी जाए, जिससे किसी प्रकार की आकस्मिक स्थिति आने पर ब्लड मरीज को उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी चिकित्सकों को समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा मरीजों को अस्पताल से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल से आवश्यक दवाओं का वितरण किये जाने एवं चिकित्सा सम्बन्धी जांचे समय से कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

## उखड़ी सड़क टूटी नालियां इलाके में फैली गंदगी के विरोध में क्षेत्रीय लोगों ने अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे से लगाई गुहार



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, अश्वनी शेखर(ब्यूरो उन्नाव)**

**शुक्लागंज।** गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 की खस्ताहाल सड़क और टूटी नालियां बनवाने के विरोध में क्षेत्रीय लोगों ने बुधवार सुबह हल्ला बोल दिया नगर के पॉस इलाकों में शुमार अम्बिकापुरम् इलाके की रामकली स्टेडियम के पास से लेकर सहारा इलेक्ट्रानिक तक की सड़क वर्षों से यूं ही खस्ताहाल हालत में पड़ी है।जिसके चलते हर वर्ष बाढ़ आने पर यह इलाका जलमग्न हो जाता है और लोगों के घरों के अंदर तक पानी चला जाता है।जिस पर यहां के निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बाढ़ के पानी के साथ लोगों के घरों में कई जहरीले जीव तक घुस जाते थे जिस पर लोगों की जान पर बन आती थी।वर्ष 2023 में इसी इलाके में बाढ़ के पानी में एक बच्ची डूबते बची थी। इस इलाके में रहने वाले लोग वर्षों से सड़क बनवाने को लेकर नगर पालिका में ज्ञापन देते आ रहे है।मगर पालिका से आश्वाशन के अलावा इस इलाके को कुछ नहीं मिला जिसके चलते आज भी यह पिछड़ा इलाका यूं ही उजाड़ हालत में पड़ा हुआ है।इसी क्रम में इलाकाई लोगों ने बुधवार को पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे व क्षेत्रीय सभासद अखिलेश निषाद को इलाके में बुला कर इलाके का निरीक्षण कराया जिस पर प्रतिनिधि संदीप पांडे ने क्षेत्रीय लोगों को आश्वाशन देते हुए बताया कि जल्द ही इस इलाके में सड़क निर्माण कार्य व क्षेत्र की पुरानी सड़कों की रिपेयरिंग तथा नाली कवर पत्थर को रखवाने का कार्य शुरू कराया जाएगा

## 31 जनवरी तक गांव-गांव जाकर लोगों को बाल विवाह की दी जा रही है जानकारी : सीजेएम नेहा गुप्ता

**-जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पीएलवी की गांव अनुसार लगाई ड्यूटियां**

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोगों को कानूनी जागरूकता देने के लिए द्वारा बाल विवाह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ये कैंप 10 जनवरी से 31 जनवरी तक बाल विवाह को लेकर लोगो को जानकारी दी जा रही है। इस कैंप में एम डीडी ऑफ इंडिया (शक्ति वाहिनी) की टीम भी डालसा के साथ काम कर रही है। आज डालसा नूंह की सीजेएम नेहा गुप्ता ने एडीआर सेंटर में सभी पी एल वी की एक



मीटिंग ली जिसमें मतदान ओर बाल विवाह की सभी पी एल वी ओर पैनल वकीलों की एक शपथ कराई गई। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव नेहा गुप्ता ने बताया कि जिला नूंह में कोई भी व्यक्ति कानून से वंचित न रहे 10 से 31 जनवरी तक लोगों में कानूनी जागरूकता और बाल विवाह की जानकारी देने की लिया शुरू की गई है। इस जानकारी से नूंह जिले से बाल विवाह पर रोक लग सके। इस कैंप में डालसा नूंह से सोनू वर्मा और एम डीडी ऑफ इंडिया (शक्ति वाहिनी) से नरेश, सुमन, कपिल राजोरा के द्वारा बाल विवाह ओर नालसा द्वारा चलाया गया टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। नूंह जिले के सभी ब्लॉकों में सरपंच के माध्यम से ये कैंप लगाए जा रहे हैं। बुधवार को एडीआर सेंटर में डालसा में सीजेएम नेहा गुप्ता द्वारा सभी पी एल वी को प्रशासन पत्र देकर सम्मानित किया

## देशभक्ति से ओतप्रोत होगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। जिला नूंह की पुलिस लाईन में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में भव्य व देशभक्ति से परिपूर्ण रिहर्सल करवाई गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों द्वारा सांस्कृतिक व देशभक्ति से ओतप्रोत शानदार प्रस्तुतियां दी गई। बुधवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के शानदार आयोजन के लिए डीएसपी हरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मार्च पास्ट, डंबल लेजियम व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों की रिहर्सल



करवाई गई। इसमें जिला के राजकीय कन्या सीनियर सैकडरी स्कूल उजीना, राजकीय कन्या सीनियर सैकडरी स्कूल नूंह, शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सलाहेड़ी नूंह, कंट्री ग्रामर स्कूल नूंह, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह 1 व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह 2 आदि मौजूद रहे।

# आमजन की समस्या के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे समाधान शिविर : उपायुक्त

**उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लोगों से समाधान शिविर का लाभ उठाने का किया आह्वान**

**- समाधान शिविर में होगा प्रत्येक कार्य दिवस शिकायत का निदान**

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान में समाधान शिविर सशक्त माध्यम बन रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिले में प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की अवैध कब्जा, पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी सहित अन्य प्रकार की समस्याएं सुनते हुए समाधान किया। उपायुक्त कहा कि समाधान शिविर आम जनता के लिए हरियाणा सरकार की नई पहल शुरु की गई है। उन्होंने कहा कि ये शिविर न केवल प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, बल्कि लोगों को उनकी समस्याओं के निवारण के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से भी राहत



दे रहे हैं। एक ही छत के नीचे समस्याओं का समाधान होने से नागरिकों को राहत मिली है। बुधवार को नूंह में आयोजित समाधान शिविर में 10 शिकायतों था उपमंडल तावडू में 02 शिकायत प्राप्त हुई तथा समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दे गई और साथ ही निर्देश दिए गए है कि आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेकर उनका समाधान करें।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नागरिकों से समाधान शिविर का अधिक से अधिक फायदा उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह शिविर जनता की शिकायतों को समझने और उनके समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने आवेदन और संबंधित दस्तावेज साथ लाएं ताकि समस्याओं का निपटारा सुगमता से और बिना किसी देरी के हो सके। शिविर में आने वाली समस्याओं को मौके पर गंभीरता से सुना जाता है और उनकी त्वरित समाधान प्रक्रिया शुरू की जाती है। विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहते हैं, जिससे समस्याओं को हल करने में समय की बचत होती है। पारदर्शी प्रक्रिया से नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है।